3 बस्तर संभाग
जहां नहीं है सड़क वहां पंचायत ने बना दिया लाखों रुपये का पुलिया

6 अभिमत
उर्वरक उद्योग की भूमिका पर सवाल

10 संस्कारधानी
मुद्दों से दूर प्रत्याशियों की छवि पर ही लगेगी मुहर...

11 न्यायधानी
निजीकरण के विरोध में बैंक कर्मियों का धरना प्रदर्शन...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 17 दिसंबर 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 118 मूल्य 3.00 ₹

चिक न्यूज

तबलीगी जमात, निजामुद्दीन मरकज पर प्रतिबंध लगाया जाय : विहिप

नई दिल्ली। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने तबलीगी जमात व उसके निजामुद्दीन मरकज को इस्लामिक कट्टरपंथ की फैक्ट्री और वैश्विक आतंकवाद का पोषक बताते हुए इस पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की है। विहिप की ओर से गुरुवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में विहिप के कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने बयान दिया कि तबलीगी जमात के कृत्य विश्व के लिए गम्भीर खतरा है। उन्होंने इस पर सऊदी सरकार द्वारा लगए गए प्रतिबंध का स्वागत करते हुए कहा कि लोगों का जीवन संकट में डालने वाले तब्लीकी जमात के आर्थिक श्रोतों का पता लगाकर उसके बेंक खातों, कार्यालयों व कार्यकलापों पर भारत सहित सम्पूर्ण विश्व समुदाय द्वारा अबिलम्ब प्रतिबंध लगाया जाए।

दिल्ली में ओमिक्रॉन के 4 नए मामलों की पुष्टि

नई दिल्ली। राजधानी में गुरुवार को कोरोना वायरस से नए स्वरूप ओमिक्रॉन से संक्रमित चार और नए मामले सामने आए। इसके साथ ही राजधानी में ओमिक्रॉन से संक्रमित मामलों की संख्या बढ़कर 10 हो गयी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

महिलाओं के विवाह की उम्र 21 वर्ष करने का प्रस्ताव, मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी

वार्ता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने महिलाओं की विवाह की उम्र मौजूदा 18 से बढाकर 21 वर्ष करने से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस पर लालकिले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा था कि महिलाओं में कुपोषण की समस्या को देखते हुए सरकार इस योजना पर काम कर रही है कि उनका विवाह सही उम्र में हो। महिलाओं की विवाह की उम्र कम करने के लिए सरकार को मौजूदा

कानून में संशोधन करना होगा और इसके लिए संसद में विधेयक लाया जायेगा। अभी देश में पुरूषों की विवाह की उम्र 21 वर्ष जबकि महिलाओं के विवाह की उम्र 18 वर्ष है।

सरकार ने दी मंजूरी – अब सरकार देश की लड़कियों को सशक्त करने के लिए उनकी शादी की उम्र बढ़ाने का फैसला लिया है। सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि कैबिनेट में मिली मंजूरी के बाद सरकार बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006, विशेष मैरिज एक्ट और हिंदू विवाह अधिनियम 1955 जैसी एक्ट में संशोधन किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सरकार मैटरनल मोर्टेलिटी रेट में कमी लाना चाहती है। कहा जा रहा कि बेटियों की शादी 21 साल की उम्र में करने से उनकी अपनी पढ़ाई और डेवलपमेंट का भी मौका मिलेगा।

पिछले साल सौंपा गया था प्रस्ताव

सरकार ने पिछले साल जून में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए टास्क फोर्स का गठन किया था। टास्क फोर्स ने साल 2020 में ही शादी की उम्र बढ़ाने के प्रस्ताव पर अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार समता पार्टी की पूर्व सदस्य और टास्क फोर्स की प्रमुख जया जेटली ने इसकी सिफारिश की थी। साथ ही टास्क फोर्स ने अपनी रिपोर्ट में लड़कियों के मां बनने की उम्र सीमा और महिलाओं से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी अपनी सिफ़ारिश दी थी।

विपक्ष के हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित

एजेंसी ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

विपक्षी दलों के सदस्यों ने लोकसभा में गुरुवार को गृह राज्यमंत्री मंत्री अजय मिश्रा के इस्तीफे की मांग को लेकर भारी हंगामा किया जिसके कारण पीठासीन अधिकारी भर्तिहरि महताब को सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित करनी पड़ी। एक बार के स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही दो बजे जैसे ही शुरू हुई कांग्रेस , तृणमूल कांग्रेस ,द्रविड़ मुनेत्र कनषम, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी , समाजवादी पार्टी समेत कई विपक्षी दलों के सदस्य नारेबाजी करते हुए सदन के बीचों बीच आ गए। शोर शराबा कर रहे सदस्यों ने हाथों में तख्तियां ले रखी थीं जिसमें 'श्री मिश्रा इस्तीफा दो'और 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मिश्रा का इस्तीफा लो' लिखा हुआ था। विपक्ष के शोर शराबे के बीच श्री महताब ने मंत्रालयों और संसदीय समितियों से

संबंधित महत्वपूर्ण कागजात सभा पटल में रखवाए। हंगामे के बीच ही पर्यावरण , वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने जैव विविधता विधेयक 2021 को पेश किया। पीठासीन अधिकारी ने बार-बार विपक्षी सदस्यों से अपनी सीट पर लौट जाने का आग्रह किया लेकिन शोर मचा रहे सदस्यों पर उनके आग्रह का कोई असर नहीं हुआ। सदन में गतिरोध बढ़ता देख हुए श्री महताब ने कार्यवाही को दिन भर के लिए स्थगित कर दिया।

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अचानक पहुंचे खरीदी केंद्र। जालबांधा धान खरीदी केंद्र में ग्राम पेटी और पवनतरा के किसानों से खरीदी की जानकारी ली।

देश के लिए गोलियां झेलने वाली इंदिरा का नाम नहीं, सच से डरती है सरकार : राहुल

एजेंसी ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

1971 के युद्ध में भारत की जीत को याद करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार इंदिरा को क्रेडिट नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार सच से डरती है, इसलिए विजय दिवस को लेकर आयोजित कार्यक्रम में उनका नाम नहीं लिया गया। इससे पहले नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी आरोप लगाया कि कुछ लोग इंदिरा गांधी को भुलाने की कोशिश कर रहे हैं। राहुल गांधी ने देहरादून में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि बांग्लादेश युद्ध को लेकर दिल्ली में एक आयोजन हुआ। इसमें इंदिरा गांधी के नाम का जिक्र नहीं किया गया। जिस महिला ने देश के लिए 32 गोलियां झेलीं, उनका नाम आमंत्रण में नहीं था, क्योंकि यह सरकार सच्चाई से डरती है। गौरतलब है कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या उनके ही अंकरक्षकों ने कर दी थी। इससे पहले कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि कुछ लोग इंदिरा गांधी के काम को भुलाने की कोशिश कर रहे हैं। बांग्लादेश के लोग आज के दिन को याद करते हैं। जवाहर लाल नेहरू से लेकर इंदिरा तक लोकतंत्र की मदद के लिए योगदान करते आए हैं, लेकिन कुछ लोग 1971 के योगदान को भुलाने की कोशिश कर रहे हैं।

प्रदूषण के स्थायी समाधान के लिए लोगों की राय लें : सुप्रीम कोर्ट

वार्ता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को दिल्ली और इसके आसपास इलाकों में 'खतरनाक' स्तर पर पहुंचे वायु प्रदूषण को कम करने के किए उठाए गए तात्कालिक उपायों पर संतोष व्यक्त किया और इसके स्थायी समाधान के लिए विशेषज्ञों एवं आम लोगों की राय लेने को कहा। मुख्य न्यायाधीश एन. वी. रमना और न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति सूर्य कांत की पीठ ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग से दिल्ली और इसके आसपास के क्षेत्रों में प्रदूषण के स्थायी समाधान की तलाश के लिए आम जनता और विशेषज्ञों से सुझाव आमंत्रित करने का निर्देश दिया। पीठ ने राष्ट्रीय राजधानी और उसके आसपास क्षेत्रों में प्रदूषण नियंत्रित करने के लिए आयोग के कदमों पर संतोष व्यक्त किया। शीर्ष अदालत ने कहा कि प्रदूषण के मामले में अगली सुनवाई फरवरी के प्रथम हफ्ते में की जाएगी। सर्वोच्च अदालत 17 वर्षीय स्कूली छात्र आदित्य दुबे की जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही है।

सुप्रीम कोर्ट 'वन्नियार' समुदाय आरक्षण पर सुनवाई को सहमत

उच्चतम न्यायालय गुरुवार को तमिलनाडु में अति पिछड़ा वर्ग श्रेणी के तहत वन्नियार समुदाय को 10.5 फ़ीसदी आंतरिक आरक्षण देने के मामले में विचार करने के लिए सहमत हो गया। शीर्ष अदालत तमिलनाडु सरकार की ओर से वन्नियार को आरक्षण देने संबंधी कानून को मद्रास उच्च न्यायालय द्वारा रद्द किए जाने के फैसले के खिलाफ दायर राज्य सरकार एवं अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई को सहमत हुई। न्यायमूर्ति एल. नागेश्वर राव, न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति बी. वी. नागरा की शीर्ष अदालत की पीठ ने संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

सुरक्षा बलों और आंतकवादियों के बीच मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढेर

एजेंसी ➤ श्रीनगर
www.dailypioneer.com

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिला में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को मार गिराया है। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने संयुक्त रूप से बुधवार देर रात रेडवानी बाला में घेराबंदी तथा तलाश अभियान शुरू किया। पुलिस ने कहा कि तलाश अभियान के दौरान वहां छिपे हुए आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलियां चलाईं। इसके बाद जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा

बलों के जवानों ने गोलियां चलाई और मुठभेड़ शुरू हो गई। मुठभेड़ में दो अज्ञात आतंकवादी मारे गए हैं। पुलिस के मुताबिक इलाके में सुरक्षा बलों का अभियान अभी भी जारी है। उल्लेखनीय है कि पड़ोसी जिला पुलवामा में कल ही आतंकवादी संगठन हिजबुल मुजाहिद्दीन का एक कमांडर मुठभेड़ में मारा गया था।

सड़कों और भवनों के नये नाम रखे जाने चाहिए : राजनाथ

एजेंसी ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि देश के छावनी क्षेत्रों में सड़कों तथा भवनों के नाम बदलकर उन वीर, साहसी तथा सेनानायकों के नाम पर रखने पर विचार किया जाना चाहिए जिन्होंने आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। सिंह ने गुरूवार को यहां रक्षा संपदा महानिदेशालय के 96 वें स्थापना दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में यह सुझाव दिया।

गुजरात में यह जन आंदोलन बन चुका है वहीं हिमाचल में भी बढ़ा है आकर्षण

प्राकृतिक खेती को जन आन्दोलन बनायें : मोदी

वार्ता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों पर कृषि की अत्यधिक निर्भरता को समाप्त कर मामूली खर्च वाली प्राकृतिक खेती को देश को जन आन्दोलन बनाने का आह्वान किया है। मोदी ने गुजरात के आणंद में तीन दिन के प्राकृतिक कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण राष्ट्रीय सम्मेलन के तीसरे दिन किसानों के सम्मेलन को आनलाइन सम्बोधित करते हुए गुरुवार को कहा कि राज्य सरकार प्राकृतिक खेती को जन आन्दोलन बनायें तथा जिले में कम से कम एक गांव को प्राकृतिक खेती से जोड़ें । गुजरात में यह जन आन्दोलन बन गया है और हिमाचल प्रदेश में भी इसका आकर्षण बढ रहा है। उन्होंने कहा कि विश्व में

खाद्य सुरक्षा के लिए प्राकृतिक खेती का आज बेहतर समन्वय करने तथा रासायनिक खाद और कीटनाशक मुक्त कृषि का संकल्प लेने की जरुरत है । उन्होंने कहा कि भारत में जैविक और प्राकृतिक खेती के उत्पादों के प्रसंस्करण में निवेश की अपार संभावना हैं तथा विश्व बाजार ऐसे उत्पादों का इंतजार कर रहा है । प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल के वर्षो में हजारों किसानों ने प्राकृतिक खेती को अपनाया है और अनेक स्ट्रट अप भी इस क्षेत्र में आ गये हैं । किसानों को बड़े पैमाने पर प्रशिक्षण और मदद दी जा रही है । उन्होंने कहा कि आज खेती को केमिकल लैब से प्रकृति की प्रयोगशाला से जोड़ने की जरुरत है । प्राकृतिक खेती विज्ञान आधारित है और इससे जमीन की उर्वराशक्ति बढती है । मोदी ने खेती के संबंध में प्राचीन ज्ञान को आधुनिक विज्ञान के फ्रेम में डालने की जरुरत पर बल देते हुए कहा कि इससे जुड़े ज्ञान को शोध या सिद्धांत तक सीमित रखने की जरुरत नहीं है । ऐसी जानकारी को प्रयोग में लाने की आवश्यकता है ।

मोदी ने प्राकृतिक खेती को देसी गाय आधारित बताते हुए कहा कि इसके गोबर और मूत्र से मिट्टी की ताकत बढ़ती है और फसल की सुरक्षा भी होती है । इसमें खाद और कीटनाशक पर खर्च नहीं होता है और सिंचाई की भी कम जरुरत होती है । यह पद्धति बाढ और सूखे से भी निपटने में सक्षम है । उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरक ने हरितक्रांति में अहम भूमिका निभायी है लेकिन इसके विकल्प पर भी काम करते रहना होगा ।

अवार्डों का छत्तीसगढ़

3 साल बेमिसाल

2021

- दिव्यांगजनों के कल्याण के उत्कृष्ट कार्यों के लिए छत्तीसगढ़ को मिले तीन राष्ट्रीय पुरस्कार : 3 दिसंबर 2021
- सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज - 2021 श्रेणी में बेस्ट स्टेट का अवार्ड का खिताब छत्तीसगढ़ के नाम : 21 नवंबर 2021
- छत्तीसगढ़ को मिला देश का सबसे स्वच्छतम राज्य का अवॉर्ड : राष्ट्रपति के हाथों मुख्यमंत्री श्री बघेल ने ग्रहण किया स्वच्छता अवार्ड : 20 नवम्बर 2021
- आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचन्द बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना में श्रेष्ठ प्रदर्शन पर छत्तीसगढ़ को चार राष्ट्रीय पुरस्कार : 23-09-2021
- प्रदेश की स्वास्थ्य संस्थाओं में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (NQAS) के क्रियान्वयन में छत्तीसगढ़ को पूरे देश में मिला द्वितीय पुरस्कार : 17-09-2021
- लघु वनोपजों के संग्रहण में मॉडल राज्य के रूप में उभरा छत्तीसगढ़,देश में सर्वाधिक 11 पुरस्कारों से छत्तीसगढ़ को केन्द्रीय मंत्री द्वारा नवाजा गया : 27 अगस्त 2021
- राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार-2021 : छत्तीसगढ़ को मिला 12 पुरस्कार : 24-04-2021
- छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय ई-पंचायत पुरस्कारों में दूसरा स्थान : 21-04-2021
- हेल्थ एंड वेलनेस एप्लीकेशन के उपयोग में छत्तीसगढ़ को मिला पुरस्कार : 14-04-2021
- प्रदेश की पंचायतों ने फिर दिखाया दम, लगातार तीसरे साल 11 राष्ट्रीय पुरस्कार : 03-04-2021
- राष्ट्रीय पंचायत अवार्ड 2021: कोण्डागांव को मिला दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तीकरण पुरस्कार : 01-04-2021
- राजनांदगांव के ग्राम खुटेरी की जय मां दुर्गा महिला स्वसहायता समूह की महिलाएं राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित : 08-03-2021
- बिलासपुर जिले को पीएम किसान सम्मान निधि के श्रेष्ठ क्रियान्वयन के लिए मिला राष्ट्रीय अवार्ड : 24-02-2021
- मोर जमीन-मोर मकान में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मिला पुरस्कार : 01-01-2021
- बेस्ट कन्वर्जेंस विथ अदर मिशन की श्रेणी में छत्तीसगढ़ को मिला पुरस्कार
- बेस्ट परफॉर्मिंग म्युनिसिपल काउंसिल श्रेणी में डोंगरगढ़ को मिला इनाम
- बेस्ट हाउस कंस्ट्रक्शन श्रेणी में हितग्राहियों को मिला पुरस्कार

2020

- केन्द्र सरकार ने बिलासपुर और सूरजपुर जिले को नेशनल वाटर अवार्ड के लिए किया चयनित : 28-10-2020
- सर्वाधिक ओडीएफप्लस गांव के लिए छत्तीसगढ़ को मिला दूसरा पुरस्कार : 2 अक्टूबर 2020
- छत्तीसगढ़ को स्वच्छता सर्वेक्षण में राष्ट्रीय पुरस्कार : 20-08-2020
- मुख्यमंत्री दर्पण पोर्टल एवं मोबाईल एप को राष्ट्रीय पुरस्कार : 11 जुलाई 2020
- छत्तीसगढ़ को मिला ई-पंचायत पुरस्कार : 23 जून 2020
- छत्तीसगढ़ की तीन पंचायतों को राष्ट्रीय पुरस्कार : 02 मई 2020
- कम्प्यूटर सोसायटी ऑफइंडिया द्वारा छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग को ई-गर्वनेंस अवार्ड : 17 जनवरी 2020
- बेमेतरा को मिला स्वच्छता दर्पण अवार्ड : आमिर खान के हाथों कलेक्टर शिखा राजपूत ने ग्रहण किया पुरस्कार : 12 जनवरी 2020
- देश के 115 आकांक्षी जिलों में से दन्तेवाड़ा को सुपोषण अभियान में उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए मिला सिल्वर स्कॉच अवार्ड : 11 जनवरी 2020
- सर्वाधिक खाद्यान्न उत्पादन के लिए छत्तीसगढ़ को मिला कृषि कर्मण पुरस्कार : 02 जनवरी 2020

2019

- मनरेगा, आजीविका मिशन, आवास योजना और पीएमजीएसवाई में उत्कृष्ट कार्यों के लिए छत्तीसगढ़ को मिले 22 पुरस्कार : 19 दिसम्बर 2019
- धान की दुर्लभ किस्मों के संरक्षण के लिए छत्तीसगढ़ के आदर्श महिला समूह को पादप जीनोम सेवियर पुरस्कार : 24 अक्टूबर 2019
- जनपद पंचायत नगरी को मिला पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार : 24 अक्टूबर 2019
- पंचायत सशक्तिकरण के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने पर कांकेर जिला पुरस्कृत : 23 अक्टूबर 2019
- राष्ट्रीय पंचायत अवार्ड में छत्तीसगढ़ को मिले 11 पुरस्कार : 23 अक्टूबर 2019
- छत्तीसगढ़ को एक और राष्ट्रीय पुरस्कार, बच्चों से जुड़ी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बाल मित्र पंचायत पुरस्कार : 24 सितम्बर 2019
- ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ को 9 राष्ट्रीय पुरस्कार : 20 सितम्बर 2019
- कांकेर जिला को मिला स्वच्छता के क्षेत्र में राष्ट्रीय पुरस्कार : 09-09-2019
- लिंगानुपात में निरंतर वृद्धि के लिए रायगढ़ जिला राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित : 06 सितम्बर 2019
- मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को बी.पी. मण्डल सामाजिक न्याय रत्न सम्मान से किया गया सम्मानित: 25 अगस्त 2019
- पोषण अभियान में उल्लेखनीय कार्य: छत्तीसगढ़ को मिले 5 राष्ट्रीय पुरस्कार : दो श्रेणियों के तहत उत्कृष्टता पुरस्कारों में मिला दूसरा स्थान : मुख्यमंत्री और महिला एवं बाल विकास मंत्री ने दी बधाई: 23 अगस्त 2019
- छत्तीसगढ देश का सबसे स्वच्छ राज्य : राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद के हाथों नगरीय प्रशासन मंत्री श्री शिव डहरिया ने प्राप्त किया सम्मान : 06 मार्च 2019
- स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में बेहतर सुधार के फलस्वरुप कोण्डागांव जिला देश में प्रथम : ओवरऑल रैंकिंग में देश भर के महत्वाकांक्षी जिलों में मिला दूसरा स्थान : 06 मार्च 2019
- पहली बार निर्वाचन में छत्तीसगढ़ को मिले सर्वाधिक चार राष्ट्रीय पुरस्कार : 25 जनवरी 2019
- निर्वाचन में सर्वश्रेष्ठ कार्य निष्पादन पर छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री सुब्रत साहू को मिला राष्ट्रीय सम्मान : 25 जनवरी 2019
- बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर रायगढ़ जिले को मिला राष्ट्रीय सम्मान : 24 जनवरी 2019
- छत्तीसगढ़ की तीन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार : 07 जनवरी 2019



जहां नहीं है सड़क वहां पंचायत ने बना दिया लाखों रुपये का पुलिया

पायनियर संवाददाता ◂ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

जिले के अबूझमाड़ में किस कदर शासकीय राशि का दुरुपयोग कर ग्राम पंचायत द्वारा बंदरबाट किया जा रहा है इसका नजारा कंदाडी ग्राम पंचायत में देखने को मिला ।जहां जंगल के बीच खुले मैदान में लगभग 10 लाख रुपये लागत की पुलिया का निर्माण कराया गया है जहा से ना ही कोई सड़क गुजरती , ना ही ग्रामीणों का आना जाना होता है और ना ही वहां किसी प्रकार के नदी नाले का बहाव है । जबकि गांव के अंदर जहा पुलिया की जरूरत थी जहा से रोजाना ग्रामीणों का आना जाना होता है वहा पुलिया का निर्माण ना कराके खुले मैदान में पुलिया का निर्माण करना भृष्टाचार की तरफ इशारा कर रहा है वही जनपद पंचायत अबूझमाड़ ओरछा के सीईओ ग्राम पंचायत द्वारा किये गए इस कारनामे पर गोलमोल जवाब देते हुए नक्सलियो द्वारा उक्त मार्ग पर सड़क निर्माण कार्य नही करने की चेतवानी के बाद पुलिया निर्माण के बाद सड़क निर्माण कार्य नही होने की बात कही गई। बता दें कि नारायणपुर जिला मुख्यालय से महज 10 किलोमीटर दूर अबूझमाड़ के ग्राम पंचायत कंदाडी में जंगल के बीचों बीच जहा ना ही सड़क है और ना ही नदी-नाले है वहा पर लगभग 10 लाख रुपये की लागत की आरसीसी पुलिया का निर्माण कर बंदरबाट किया गया जबकि ग्राम पंचायत कंदाडी के गांव के अंदर से गुजरने वाली सड़क पर पुलिया की जरूरत है वहा पर पुलिया का निर्माण ना कराके जंगल के बीच मे पुलिया का निर्माण करना भृष्टाचार को उजागर कर रहा है। अब ये पुलिया ग्रामीणों के चलने के काम तो नही आया पर अब ग्रामीणों के वनोपज सुखाने के काम आ रहा है। वही इस पूरे मामले पर जनपद पंचायत ओरछा के सीईओ रोमांचल यादव ग्राम पंचायत के कारनामो पर पर्दा डालते हुए ग्राम पंचायत कंदाडी द्वारा सड़क निर्माण का प्रस्ताव दिया गया था इसलिए पहले पुलिया का निर्माण किया गया और पुलिया निर्माण के बाद नक्सलियो द्वारा सड़क निर्माण कार्य नही कराये जाने की चेतावनी के बाद सड़क निर्माण नही किये जाने की बात कही जो अबूझमाड़ में नक्सलियो के भय के नाम पर किये जा रहे खेल की तरफ इशारा करता नजर आ रहा है।

भेलवांपदर वार्ड उपचुनाव में कांग्रेस ने सोरी बाबू के समर्थन में निकाली रैली

- एमएल सोरी के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मतलाम व कांग्रेसी रहे मौजूद

पायनियर संवाददाता ◂ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागॉव नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 12 भेलवांपदर वार्ड से पार्षद रहे मंगल साहू के देहांत होने पश्चात उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी एम एल सोरी के पक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मतलाम के साथ कांग्रेसजनों ने गाजे बाजे के साथ रैली निकालकर कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील किये।

कहा एम एल सोरी को भेलवांपदर वार्डवासी सोरी बाबू के नाम से पुकारते हैं और सोरी बाबू सदैव जनता के बीच रहकर लोगों की बातें सुनते हैं दिवंगत पार्षद मंगल साहू के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करते आये हैं ऐसे मिलनसार व्यक्तित्व के सोरी बाबू को वार्ड में विजयी बनाने में आपका मत महत्वपूर्ण है ताकि वार्ड के विकास में सोरी बाबू सहयोगी बन सकें रैली के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मतलाम जिला कांग्रेस अध्यक्ष झुमुकलाल दिवान के साथ कांग्रेस पदाधिकारी एवम भारी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

सरण्डी के व्यापारी से 1837 बोरा धान जब्त

पायनियर संवाददाता ◂ कांकेर
www.dailypioneer.com

प्रभारी कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य ने बताया कि अंतागढ़ तहसीलदार लोमश कुमार मिरी, खाद्य निरीक्षक राजेश विश्वास तथा थाना प्रभारी ताड़ोकी के संयुक्त टीम द्वारा छापामार कार्यवाही करते हुए आज अंतागढ़ के ग्राम सरण्डी के व्यापारी जयराम साहू के गोदाम से 1837 बोरा अवैध धान जप्त कर गोदाम को सील किया गया है। अंतागढ़ के तहसीलदार लोमश मिरी ने बताया कि सरण्डी-ताड़ोकी क्षेत्र में कोचियों के माध्यम से भोले-भाले किसानों से 900 रूपये से 1300 रूपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी कर उपार्जन केन्द्रों में बेचने का प्रयास किया जा रहा है। इस पर राजस्व, खाद्य एवं पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की संयुक्त टीम द्वारा सरण्डी के व्यापारी जयराम साहू के गोदाम पर दबिश दी गई, जिसमें व्यापारी द्वारा किसी प्रकार के दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया तथा पूछताछ किये जाने पर सही-सही जवाब भी नहीं दिया गया, जिसके कारण गोदाम में रखे 1837 बोरा धान को जप्त कर सील किया गया है तथा मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देशानुसार इस प्रकार की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

विधायक संतराम नेताम के गृह जिले में भी सीनियर पर जूनियर भारी

पायनियर संवाददाता ◂ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिले में 3 दर्जन से अधिक विभाग कार्यरत हैं वहीं सैकड़ों अधिकारी व कर्मचारी शासन ने नियुक्त कर रखा है। लेकिन वही निर्माण से संबंधित विभागों पर कई सीनियर अधिकारियों के रहते एक ही जूनियर अधिकारी को प्रभार दिया जाना कहीं न कहीं उच्चाधिकारियों के व्यक्तिगत रुचि को दर्शाता है, वहीं जानकारो की मानें तो कई विभागों का प्रभार एक ही अधिकारी को दिए जाने से कार्य की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है वहीं निर्माण जैसी तकनीकी कार्य से समझौता होने के बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

विधायक संत नेताम ने भी अपने ही सरकार को घेरा है, सीनियरों के रहते जूनियरों को प्रभार देने के मामले पर-

विधानसभा सत्र के शीतकालीन सत्र में 13 व 14 दिसम्बर को तारांकित प्रश्न में अपनी ही सरकार को घेरते हुए वन विभाग व लोक निर्माण विभाग में वरिष्ठ अधिकारियों के रहते कनिष्ठ अधिकारियों को प्रभार देने पर घेरा था, कोण्डागाँव जिले में उन्ही के विधानसभा क्षेत्र में कई वरीष्ठ अधिकारियों के रहने के बावजूद कनिष्ठ को प्रभार दिया गया है वह भी एक विभाग नही तीन से ज्यादा विभाग का कार्य एक ही प्रभारी को दीया जाना जिले में चल रहे करोड़ों के निर्माण कार्य की गुणवत्ता के कार्यों पर भी प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। मिली जानकारी के अनुसार उप अभियंता सचिन मिश्रा को अनुविभागीय अधिकारी के पद पर आरईइस, जिला निर्माण, एसी ट्राईबल के निर्माण शाखा में भी एसडीओ का प्रभार सौंपा गया है।

कई सीनियर बाट जोह रहे निर्माण कार्यो में दायित्व निर्वहन को लेकर जिले में

ज्ञात हो कि जिले में आधे दर्जन से अधिक सीनियर अधिकारी मौजूद है जिन से अलग-अलग शाखाओं में दायित्व देकर सफल कार्य संचालन करवाया जा सकता था जिसमे राहुल भगत, भानु प्रताप बंजारे, वीरेंद्र भुआर्य, पीएल सोनवानी, रमेन्द्र समरथ, रविन्द्र साहू जिले में पदस्थ है व नियम भी कहता है कि वरिष्ठता के आधार पर कार्य का प्रभार दिया जावे, लेकिन आला अधिकारियों के चलते सारे नियम शिथिल पड़ गए हैं, वहीं देखने वाली बात है कि जिस विधायक ने शीतकालीन सत्र में अपनी ही सरकार को वरिष्ठता व कानिष्ठता का आइना दिखाया था, अपने ही गृह जिले में जिले में चल रहे प्रभार-प्रभार के खेल पर कब तक अंकुश लगवा कार्य विभाजन करवा पाते है।

यह एक गंभीर मुद्दा है एक तरफ हमारी सरकार विकास के नए आयाम गढ़ने जा रही है और मेरे ही जिले में अगर इस तरहा का मामला मीडिया के माध्यम से सामने आया है तो बिल्कुल इस पर संज्ञान लूंगा और कार्य विभाजन कर वरिष्ठ अधिकरियों के निगरानी में विकास कार्यो का संचालन करवाया जाएगा जिससे विकास कार्यों में बहेतर गुडवत्ता लाया जा सके।

संतराम नेताम,
विधायक केशकाल

36 गढ़िया स्वाभिमान की नई पहचान - लहलहाते खेत , खुशहाल किसान

कांग्रेस के 3 साल बेमिसाल

गढ़बो नवा छत्तीसगढ़

36 गढ़िया स्वाभिमान की प्रतीक
36 गढ़ की
36 गढ़िया सरकार ने
36 महीनों में रचे
36 से अधिक कीर्तिमान

छत्तीसगढ़ के स्वाभिमान के
परख जतन अउ पहिचान के
विकास दुलार अउ सम्मान के

हमर तीन बछर

छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम का विनम्र योगदान ...

- छ.ग. पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा कक्षा पहली और दूसरी के लिए राज्य में प्रचलित छत्तीसगढ़ी हल्वी बैगानी बघेली सरगुजया जैसी 20 भाषा-बोली की द्विभाषी पाठ्यपुस्तकों का वितरण कर देशभर में अनूठी पहल.
- संविधान दिवस के अवसर पर राज्य के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी की घोषणा के अनुक्रम में निगम के द्वारा कक्षा 1 से 8 वीं तक के सभी अध्यनरत स्कूली विद्यार्थियों को 'भारत का संविधान' लघु पुस्तिका का निशुल्क वितरण.
- प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निगम द्वारा सामान्य ज्ञान पर आधारित पुस्तक "प्रतियोगिता संसार' कक्षा 9 से 12 वीं तक के सभी शासकीय विद्यालयों में अध्यनरत विद्यार्थियों को नि:शुल्क वितरण.
- 11 वीं 12 वीं कक्षा के लिए NCERT की पुस्तकें ऑनलाइन WWW.TBC.CG.NIC.IN पर उपलब्ध.
- कक्षा 9 से 12 वीं तक के सभी शासकीय विद्यालयों में अध्यनरत विद्यार्थियों को 'हम भारत के लोग' नामक लघु पुस्तिका का निशुल्क वितरण.
- छ.ग. पाठ्यपुस्तक निगम मुख्यालय एवं सबंधित डिपो में प्राईवेट सिक्योरिटी गार्ड्स के स्थान पर भूतपूर्व सैनिकों की गार्ड के पदों पर नियुक्ति. देश के सैन्य बलों का सम्मान.
- कक्षा 3 से 10 वीं तक के सभी विद्यार्थियों को नैतिक मूल्य एवं योगशिक्षा की (भाग 1,2 व 3) पुस्तकों का वितरण.
- निविदाकारों के लिए छत्तीसगढ़ में स्थानीय जीएसटी पंजीयन अनिवार्य, ताकि जीएसटी के रूप में राशि राज्य शासन को प्राप्त हो.

शैलेश नितिन त्रिवेदी अध्यक्ष - पाठ्य पुस्तक निगम (छ.ग.)



मान. सोनिया गांधी
राष्ट्रीय अध्यक्ष कांग्रेस

मान. राहुल गांधी
पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष कांग्रेस

मान. पी.एल. पुनिया
प्रदेश प्रभारी

मान. शिवकुमार डहरिया
श्रम एवं नगरीय प्रशासन मंत्री



मान. श्री गिरीश देवांगन जी
अध्यक्ष - खनिज विकास निगम
छत्तीसगढ़ शासन

मान. श्री रामगोपाल अग्रवाल जी
कोषाध्यक्ष - छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी
अध्यक्ष - छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम

मान. श्री भूपेश बघेल जी
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

3 साल
बात हे अभिमान के
छत्तीसगढ़िया
स्वाभिमान के

गढ़बो नवा छत्तीसगढ़

श्रम कल्याण के सरोकार - छत्तीसगढ़ सरकार

श्रम कल्याण की उपलब्धियों भरे 3 वर्ष

निर्माण श्रमिकों का पंजीयन नि:शुल्क

भगिनी प्रसूति सहायता योजनांतर्गत राशि अब एकमुश्त 10 हजार रू.

मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजनांतर्गत अब 30 हजार के स्थान पर एक मुश्त 1 लाख रू. की सहायता

- मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजनांतर्गत **4312** श्रमिकों को **43.12** करोड़ से लाभान्वित
- भगिनी प्रसूति सहायता योजनांतर्गत **51982** श्रमिकों को **25.27** करोड़ से लाभान्वित
- नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना योजनांतर्गत **234470** श्रमिकों को **40.21** करोड़ से लाभान्वित
- मेधावी छात्र/छात्रा शिक्षा प्रोत्साहन योजनांतर्गत **5286** श्रमिकों को **4.38** करोड़ से लाभान्वित

मान. सुशील सन्नी अग्रवाल
अध्यक्ष - छत्तीसगढ़ शासन सन्निर्माण
एवं अन्य कर्मकार कल्याण मंडल

सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें युवा : शिशुपाल शोरी

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com

पंडित विष्णुप्रसाद शर्मा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोविंदपुर के खेल मैदान में आयोजित जिला स्तरीय युवा महोत्सव का शुभारंभ किया गया, जिसे संबोधित करते हुए संसदीय सचिव एवं कांकेर विधानसभा क्षेत्र के विधायक शिशुपाल शोरी ने कहा कि राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होता है।

युवा राष्ट्र की धारा को बदलने की क्षमता रखते हैं, जीवन के प्रत्येक गतिविधियों का नेतृत्व करने की उनमें क्षमता होती है, जो कुछ करने की तमन्ना रखते हैं वहीं आगे बढ़ते हैं। युवा वर्ग सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें और सक्र लता प्राप्त कर अपने उपलब्धियों से अपना गांव, अपना जिला और प्रदेश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि युवाओं में छुपी हुई प्रतिभा को निखारने एवं उसे आगे बढ़ाने के लिए राज्य शासन द्वारा युवा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इससे युवाओं को अपनी कला का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा, साथ ही सकारात्मक समाज के निर्माण में भी मदद मिलेगी। शोरी ने युवा महोत्सव में शामिल सभी युवाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उनके द्वारा गोविंदपुर के खेल मैदान में सौर ऊर्जा से संचालित दो हाई मास्क लगाने तथा शासकीय कार्यक्रमों के दौरान बालिकाओं के ठहरने के लिए भवन की व्यवस्था करने की भी घोषणा की गई।

युवा महोत्सव के शुभारंभ समारोह को जिला पंचायत के उपाध्यक्ष हेमनारायण गजबल्ला, जनपद पंचायत कांकेर के उपाध्यक्ष रोमनाथ जैन, पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा तथा अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य ने भी संबोधित किया। युवा महोत्सव में जिले के सभी विकासखण्डों में आयोजित युवा महोत्सव के लगभग 700 विजेता युवा भाग ले रहे हैं।

ग्राम धूमा में हृदयविदारक घटना

मां ने दो मासूमों के साथ फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

पायनियर संवाददाता ➤ कुरुद
www.dailypioneer.com

कुरूद थानांतर्गत आने वाली बिरेझर चौकी क्षेत्र के ग्राम धूमा में दिल दहला देने वाली घटना हुई है। मां ने अपने दो मासूम बेटों के साथ घर में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की खबर मिलते ही कुरूद और बिरेझर पुलिस मौके पर पहुंच गई है। खुदकुशी का कारण पता नही चल पाया है। जिन मासूम बेटों को मां ने दूध पिला कर बड़ा किया था आज ऐसी क्या वजह हो गई कि उन्हीं मासूम बेटों के साथ मां को खुदकुशी करना पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम धूमा में झरना साहू 26 वर्ष ने अपने बेटे सागर 6 वर्ष और अक्षय 4 वर्ष के साथ अपने कमरे में लगे जंगला के छड़ में दो साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना बुधवार सुबह 6:30 से 8:00 के बीच बताई जा रही है। उस वक्त झरना का पति सब्जी बेचने गया हुआ था। सुबह जब तीनो को फांसी पर लटका देखा तो परिवार के लोग सकते में आ गए।मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। महिला ने अपने दोनो बच्चो के साथ फांसी क्यो लगाई है अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतियोगिता आयोजन से उभरती प्रतिभाओं को पहचान मिलती हैः योगेश तिवारी

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ग्राम परपोड़ा में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में किसान नेता योगेश तिवारी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए । यहां मुख्य अतिथि ने विजेताओं को पुरस्कार बांटा । इस दौरान मुख्य अतिथि ने उपस्थित जनो को सम्बोधित करते हुए कहा कि कबड्डी भारत के प्राचीनतम खेलों में से एक है । कबड्डी को गांवो का खेल कहा जाता था, लेकिन अब कबड्डी विश्व के कई देशों में खेली जा रही है । देश में कबड्डी खेल को काफ्री बढ़ावा मिला है । क्रिकेट की भांति अब कबड्डी प्रतियोगिता हो रही है, जिसमे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भाग ले रहे हैं । ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की प्रतियोगिता से छुपी प्रतिभाएं बाहर निकलती है, उन्हें मौका मिलने की जरूरत है । विजेता टीम को 10 हजार रुपए व उपविजेता टीम को 6 हजार रुपए नगद पुरस्कार दिया गया ।

स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों पर भर्ती के लिए परीक्षा 26 दिसम्बर को

- वेबसाईट से अपलोड कर 17 दिसम्बर से प्राप्त किये जा सकेंगे प्रवेश पत्र

उत्तर बस्तर कांकेर। विशेष कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड बस्तर संभाग द्वारा कांकेर जिले में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत तृतीय श्रेणी के रिक्त पदों क्र ार्मासिस्ट ग्रेड-2, ड्रेसर ग्रेड-01 एवं ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक के पद पर भर्ती हेतु 26 दिसम्बर दिन रविवार को पूर्वान्ह 11.45 से दोपहर 02 बजे तक लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी। उक्त परीक्षा के प्रवेश पत्र विशेष कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड के वेबसाईट www.issbbastar.cgstate.gov.in पर अपलोड किया जाएगा, जिसे अभ्यर्थी 17 दिसम्बर से अपलोड कर प्रवेश पत्र को प्राप्त कर सकते हैं। परीक्षार्थियों को डाकघर के माध्यम से प्रवेश पत्र नहीं भेजा जावेगा।

ऑनलाईन आवेदन करते समय प्राप्त रजिस्ट्रेशन आई.डी. नंबर को एंटर कर अभ्यर्थी इंटरनेट से परीक्षा प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकेंगे। परीक्षा दिवस को प्रत्येक परीक्षार्थी को परीक्षा शुरू होने के डेढ़ घंटे पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होना होगा, जिससे उनके पहचान पत्र से पहचान किया जा सके एवं परीक्षा केन्द्र में जाने हेतु अनुमति दिया जा सके। यदि इंटरनेट से प्राप्त प्रवेश पत्र क्र ोटो नहीं आता है तो अभ्यर्थी को अपने साथ दो रंगीन पासपोर्ट साईज क्रोटो लेकर परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होना होगा।

जंगलबेडा ने जीता शिशुपाल कप कार्क बाल क्रिकेट प्रतियोगिता

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

शिशुपाल पर्वत के तट पर स्थिति मलदामाल में स्व निराकार भोई के स्मृति में सरस्वती क्रिकेट समिति द्वारा आयोजित शिशुपाल कप अंडर पीसीएस कार्क गेंद क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला जंगलबेडा और मलदामाल के मध्य खेला गया। जिसमें जंगलबेडा टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया निर्धारित 15 ओवर में 8 विकेट खोकर 110 रन बनाए इसके जबाब में मलदामाल ने 13 ओवर में 61 रन बनाकर आल आउट हो गई इस तरह जंगलबेडा 49 रन से फाइनल मैच जीत लिया । फाइनल मैच के मेन आक्र द मैच किशन जंगलबेडा, मेन आफ द सीरीज कमलेश जंगलबेडा, बेस्ट कीपर लिंगराज मलदामाल, बेस्ट कैच बबलू टेमरी, बेस्ट क्रील्डर रंजन मलदामाल,बेस्ट बल्लेबाज सुनील प्रधान मलदामाल, अनुशासित टीम भूतिया, बेस्ट गेंदबाज खिरोद्र मलदामाल। समापन समारोह के मुख्य अतिथि राखी गणेश चौहान पार्षद नगर पालिका परिषद सरायपाली अध्यक्षता धनुर्जय कश्यप अध्यक्ष पीसीएस विशिष्ट अतिथि अजय बाघ सरपंच ग्राम पंचायत मलदामाल, विनयरंजन भोई, सुनील साहू सचिव पीसीएस, उमाशंकर ध्रुव पीसीएस सदस्य रहे।



संपादकीय

अक्सर बंद स्कूल

परेशान बच्चे

दिल्ली में स्कूलों के बच्चे परेशान हैं। इसमें उनकी कोई गलती नहीं है, पर वे स्वास्थ्य मुद्दों को अपने तरीके से निपटाने के कारण कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच तोप का चारा बन गए हैं। राजधानी के स्कूल मार्च, 2020 में उस समय बंद हुए जब पूरे देश में कोरोना की पहली लहर के कारण लाकडाउन लगा। अगले बीस महीनों तक बच्चे घरों पर बंद दरवाजों के पीछे रहे। वे केवल अपने तक सीमित रहे, मित्रों से नहीं मिल सके तथा मैदानों में खेल नहीं सके। इस जबरन एकांतवास का उन पर मानसिक और शारीरिक प्रभाव पड़ा। 1 नवंबर को अनेक स्कूलों में जूनियर कक्षायें खुलीं। कुछ निजी स्कूलों ने दीपावली के अंत तक स्कूल खोलना टाल दिया। बड़े बच्चों की कक्षायें सावधानी से सितंबर के प्रारंभ में खोली गईं। लेकिन बच्चों की मुसीबतों का यही अंत नहीं हुआ। 13 नवंबर को दिल्ली सरकार ने स्कूल फिर बंद करने के आदेश दे दिए। इसका कारण वैश्विक महामारी न होकर वायु प्रदूषण था। एक पखवाड़े बाद सरकार ने तय किया कि प्रदूषण का स्तर सहनीय हो गया है और स्कूलों को पुनः 29 नवंबर से खोलने का आदेश दिया, लेकिन वास्तव में प्रदूषण का स्तर सबसे खराब था। 2 दिसंबर को सर्वोच्च न्यायालय ने स्कूल पुनः खोलने के लिए सरकार की खिंचाई की। इसके बाद सरकार ने फौरन स्कूल फिर बंद कर दिए। अब माता-पिता स्कूलों के प्रति इस लापरवाही भरे दृष्टिकोण का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने सरकार से फौरन स्कूल खोलने का अनुरोध किया है। उनका तर्क है कि प्रदूषण का स्तर घरों के बाहर और भीतर समान रूप से खराब है तथा सभी घरों में एयर प्यूरीफायर भी नहीं हैं।

सरकार और अदालतों को यह बात अवश्य समझनी चाहिए कि यदि स्कूल खोलने पर अनिश्चितता बनी रही जो इसका खामियाजा छात्रों को भुगतना होगा। बच्चों को महामारी-पूर्व के स्तर पर अपनी रूटीन लाने के लिए समय लगेगा। ऐसे में मनमाने ढंग से स्कूलों को बंद करने और खोलने से उन पर और दबाव पड़ेगा। दुनिया भर में इस बात के अध्ययन हो रहे हैं कि बच्चों पर स्कूल बंद करने का क्या प्रभाव पड़ा है। यूनेस्को, यूनीसेफतथा विश्व बैंक ने एक वैश्विक रिपोर्ट जारी कर बताया है कि 188 देशों में 1.6 बिलियन छात्र 20 महीनों तक स्कूलों से बाहर रहे। इस कालखंड में उनकी शिक्षा को भारी नुकसान हुआ है। आनलाइन शिक्षण के बावजूद जबरन एकांतवास के कारण 'भय पैदा हो रहा है कि सीखने में कमी के कारण उनमें असमानता और बढ़ेगी। यह असमानता विभिन्न देशों के बीच भी बढ़ेगी और इसे आने वाले वर्षों में ठीक करना कठिन होगा।' रिपोर्ट के अनुसार, उन देशों में दृष्टिकोण और खराब है जहां स्कूल जरूरत से अधिक समय तक बंद रहे हैं। इस शोध से यह भी पता चला है कि सुदूर शिक्षा 'अक्सर अपने मानकों से पीछे रही' है। बच्चों के स्कूल जाना शुरू करने के बाद भारतीय माता-पिता का आंकलन है कि कक्षाओं में शामिल होने वाले बच्चे पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और उनमें जीवन कौशल की शिक्षा पहले की तुलना में बेहतर है। अनेक स्कूलों ने पाया है कि स्कूल पुनः खुलने के बाद बच्चे खोई हुई अकादमिक उपलब्धियां जल्दी प्राप्त करने के इच्छुक हैं। इसलिए इस बात पर जोर दिया जाना चाहिए कि जब तक कोई स्वास्थ्य आपातस्थिति न हो तब तक स्कूल बंद न किए जाएं। इसके बजाय ज्ञान प्राप्त करने में आई कमी दूर करने और खाई पाटने के खोजी प्रयास होने चाहिए।

उर्वरक उद्योग की भूमिका पर सवाल

सरकार को यूरिया पर नियंत्रण हटा कर निर्माताओं को सब्सिडी देना बंद करना चाहिए। इसके बजाय सरकार सीधे किसानों को सब्सिडी दे सकती है।

उत्तम गुप्ता
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 7 दिसंबर को गोरखपुर में कोल इंडिया लिमिटेड, एनटीपीसी, इंडियन आयल कार्पोरेशन व एफसीआईएल के संयुक्त सार्वजनिक उद्यम हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन की पुनर्जीवन योजना का उद्घाटन किया जहां 1.27 मिलियन नीम कोटेड यूनिया का वार्षिक उत्पादन होगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने चार बातें कहीं। वर्तमान वर्ष में उर्वरकों की अंतरराष्ट्रीय कीमत में भारी वृद्धि के बावजूद सरकार ने सुनिश्चित किया कि किसानों को ज्यादा भुगतान न करना पड़े। 100 प्रतिशत नीम कोटिंग ने सुनिश्चित किया है कि यूरिया का गैर-कृषि औद्योगिक कार्यों में प्रयोग न हो सके। इस समय जारी चार अन्य पुनर्जीवन परियोजनाओं के साथ गोरखपुर परियोजना के क्रियान्वयन से यूरिया उत्पादन की वर्तमान 6 मिलियन टन वार्षिक उत्पादन की क्षमता बढ़ कर 25 मिलियन टन हो जाएगी। इससे इसके आयात पर निर्भरता कम होगी तथा स्वायल हेल्थ कार्ड के प्रयोग से किसानों को यह जानने में सहायता मिली है कि मिट्टी को किस उर्वरक की आवश्यकता है और इस प्रकार उसके प्रयोग में असंतुलन रोकने में सहायता मिलेगी। इन टिप्पणियों से संकेत मिलता है कि भारत में उर्वरक क्षेत्र में सब कुछ ठीक है। लेकिन हमें वास्तविक स्थिति का पता लगाने के लिए जांच करनी चाहिए। केन्द्र सरकार यूरिया के अधिकतम खुदरा मूल्य को नीची दर पर बनाए रखती है, जिसका इसके उत्पादन और वितरण पर आने वाले खर्च से कोई संबंध नहीं है जो बहुत अधिक है। निर्माताओं को इसकी बिक्री व खर्च के बीच अंतर की भरपाई नई मूल्य योजना के आधार पर 'विशेष इकाई' के आधार पर की जाती है। इसके साथ ही उनको फैक्ट्री या बंदरगाह से खुदरा विक्रेता तक परिवहन के लिए समान भाड़ा नीति के आधार पर प्रतिपूर्ति की जाती है। यूरिया का अधिकतम खुदरा मूल्य-एमआरपी आज भी वही है जो 2002 में था और बाकी सभी गणनाओं को सब्सिडी बढ़ा कर उसमें जोड़ लिया जाता है।

फास्फेट व पोटाश-पीएंडके उर्वरकों के मामले में सरकार सभी निर्माताओं को पोषक आधार योजना के अंतर्गत प्रति पोषक आधार पर 'समान' सब्सिडी देती है। निर्माताओं को एमआरपी तय करने का अधिकार होता है, पर उनसे उम्मीद की जाती है कि इनमें सब्सिडी की गणना शामिल होगी। उनको रेलवे स्टेशन तक परिवहन के लिए सब्सिडी भी दी जाती है। अतीत में सरकार ने सब्सिडी में कोई बदलाव नहीं किए, जबकि लगातार बढ़ती एमआरपी के कारण इनकी कीमतें बढ़ती रहीं। वर्तमान व्यवस्था केन्द्र सरकार को शक्ति देती है कि वह यूरिया व जटिल पीएंडके उर्वरकों की कीमतें लक्षित स्तर पर बनाए रखे। हालांकि, वह यूरिया की तुलना में किसानों को मिलने वाली पीएंडके उर्वरक पर सीधा नियंत्रण नहीं रखती है। इस परिणाम को सब्सिडी दर में परिवर्तन से सुनिश्चित किया जा सकता है। वर्तमान वर्ष में 1 अक्टूबर से घरेलू प्राकृतिक गैस की कीमत 1.79 डालर प्रति मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट-एमबीटीयू से बढ़ कर 2.9 डालर प्रति एमबीटीयू हो गई है। इसके अप्रैल 2022 तक 5.93 डालर प्रति एमबीटीयू तथा अक्टूबर, 2022 से 7.65 डालर प्रति एमबीटीयू होने की आशा है। इसकी दो तिहाई सप्लाई यूरिया उद्योग को होती है। एक तिहाई आवश्यकता की पूर्ति करने वाली आयातित एलएनजी की कीमत अप्रैल में 5.5 डालर प्रति एमबीटीयू से बढ़ कर 14 डालर प्रति एमबीटीयू हो गई है और इसके अप्रैल 2022 के बाद 20 डालर प्रति एमबीटीयू होने की आशा है। जहां तक गैर-यूरिया क्षेत्र का सवाल है, इसकी कीमत में वृद्धि और ज्यादा है। आयातित डाईअमोनियम फास्फेट-डीएपी की कीमत 630 डालर प्रति टन है जो पिछले वर्ष की तुलना में 300 डालर अधिक है। डीएपी बनाने में लगने वाले कच्चे माल फास्फोरिक एसिड की कीमत लगभग 1000 डालर प्रति टन है जिसमें 375 डालर वृद्धि हुई है। डीएपी के एक और तत्व अमोनिया की कीमत 670 डालर प्रति टन है तथा इसमें 470 डालर की वृद्धि हुई है। इसी प्रकार म्यूरेट आफ पोटाश की कीमत 170 डालर बढ़ कर 400 डालर प्रति टन हो गई है। जहां तक यूरिया का सवाल है, गैस मूल्य में वृद्धि उत्पादन लागत में वृद्धि में 'स्वतः' अधिक सब्सिडी से शामिल हो जाती है जिससे एमआरपी अपरिवर्तित रहता है। पीएंडके उर्वरकों के मामले में भी मोदी सरकार ने सब्सिडी काफी बढ़ाई है। डीएपी पर यह सब्सिडी पिछले साल 10,000 रुपये प्रति टन थी जो इस साल बढ़ा कर 32,760 रुपये प्रति टन हो गई है। इस कारण एमआरपी पिछले साल की 24,000 रुपये प्रति टन की कीमत पर बनी हुई है। लेकिन इसका सरकारी खजाने पर भारी बोझ पड़ रहा है।

2021-22 में केन्द्र ने सब्सिडी पर 58,000 करोड़ रुपये अधिक खर्च किए, जबकि बजट आबंटन 80,000 करोड़ रुपये था। बहुत उदार राजकोषीय घाटे की नीति के कारण 1,38,000 करोड़ रुपये की यह भारी -भरकम सब्सिडी दी जा सकी जो जीडीपी का 6.8 प्रतिशत या 15,00,000 करोड़ रुपये है। लेकिन राजकोषीय घाटे में कमी लाने की स्थिति में यह रास्ता बंद हो जाएगा। 2016 में शत प्रतिशत नीम कोटिंग से यूरिया का अन्य कार्यों में प्रयोग बंद हुआ है जो लगभग 30 प्रतिशत था। 2015-16 में 30 मिलियन टन की कुल यूरिया बिक्री में यह 9 मिलियन टन था। इसका अर्थ है कि उस साल किसानों द्वारा यूरिया की मांग केवल 21 मिलियन टन थी। नीम कोटिंग से यूरिया का प्रयोग भी बेहतर हुआ है। इससे क्षमता में 20 प्रतिशत सुधार हुआ है, अतः किसान उतनी ही फसल पाने के लिए 16.8 मिलियन टन यूरिया प्रयोग कर सकते हैं। दूसरे शब्दों में उत्पादन को 17 मिलियन टन तक घटाया जा सकता है। यदि चीजें मोदी की योजनानुसार चलतीं तो 2020-21 में यूरिया का उपभोग 22 मिलियन टन होता, लेकिन वास्तव में इस साल 35 मिलियन टन उपयोग हुआ। इसका अर्थ है कि न यूरिया का दूसरे कामों में प्रयोग थमा और न उसकी क्षमता में कोई वृद्धि हुई। यदि वर्तमान समय में वादा पूरा हो तो किसानों को 20 मिलियन टन से अधिक यूरिया की जरूरत नहीं होगी। यह सप्लाई प्रबंधन में भारी कमी की ओर इशारा करता है। वर्तमान 25 मिलियन टन के उत्पादन को देखते हुए भारत को एक टन आयात की भी जरूरत नहीं होनी चाहिए, जबकि 2020-21 में 10 मिलियन टन आयात हुआ। यदि चीजें सही दिशा में चलतीं तो देश को पांच पुनर्जीवन परियोजनाओं की आवश्यकता न होती। जहां तक एसएचसी का सवाल है, नीतिगत समर्थन से इसकी क्षमता में विस्तार हो सकता था। लेकिन ऐसा नहीं हुआ वर्तमान समय में डीएपी की कीमत 24,000 रुपये प्रति टन है जो 5,360 रुपये प्रति टन यूरिया की तुलना में 4.5 गुना अधिक है। किसान को एनपीके प्रयोग में संतुलन बनाने के लिए यूरिया का अधिक प्रयोग नहीं करना चाहिए। इस स्थिति में यदि एसएचसी किसानों को ज्यादा डीएपी प्रयोग की सलाह देता है तो यह किसान के लिए महंगा सौदा होगा।

उपरोक्त स्थितियों को देखते हुए यह पूरी तरह स्पष्ट है कि उर्वरक क्षेत्र में सब कुछ ठीक नहीं है। मोदी सरकार को नीतिगत परिवर्तन करते हुए यूरिया पर नियंत्रण हटा कर निर्माताओं को सब्सिडी देना बंद करना चाहिए। इसके बजाय सरकार सीधे किसानों को सब्सिडी दे सकती है। इससे किसानों की स्थिति मजबूत होगी और वे उर्वरक पर मिलने वाली सब्सिडी का प्रयोग मिट्टी के स्वास्थ्य के लिए कर सकेंगे तथा उर्वरक प्रयोग में असंतुलन दूर होगा। बाजार में किसी सब्सिडी वाले उर्वरक उत्पाद का न मिलना सुनिश्चित होने के बाद नई व्यवस्था यूरिया का अन्य कार्यों में प्रयोग हतोत्साहित करेगी। यूरिया की मांग वास्तविक स्तर पर आने से सप्लाई बढ़ाने पर आने वाला दबाव भी कम होगा। इससे सब्सिडी में भी भारी कमी आएगी।

गांव गरीब और किसान की सरकार

"कांग्रेस की सरकार ने गांव गरीब और किसान के चौमुखी विकास पर अपना ध्यान केंद्रित किया है सरकार का मानना है कि शहर में विकास की चमक गांव की पगडंडियों से होकर पहुंचती है।

घनश्याम राजू तिवारी

कांग्रेस की लोकप्रिय सरकार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के चमत्कारी नेतृत्व में ऐतिहासिक उपलब्धियों के साथ 3 वर्ष पूरे करने में सफलता पाई है मुख्यमंत्री भूपेश बघेल देश में प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री होंगे जिन्होंने गांव गरीब और किसान के दर्द को महसूस किया है जिसका निवारण करने को उन्होंने सर्वोच्च प्राथमिकता दी है जिसके फलस्वरूप आज गांव गरीब और किसान उत्तरोत्तर प्रगति की ओर अग्रसर है प्रदेश में चारों ओर खुशहाली की बयार बह रही है। गोबर अब शायद लोग गोबर का उल्हाना देना छोड़ दें, कारण की गोबर अब गोबर-धन साबित हो रहा है। प्रदेश का आमजन युवा माताएं बहने अब गोबर बेच कर अपने सपने साकार कर रहे हैं युवा गोबर बेचकर मोबाइल ले रहे हैं जिसके माध्यम से शिक्षा व कला में पारंगत हो रहे हैं माताएं बहने गोबर बेचकर आभूषण व अन्य जरूरत का सामान खरीद रहे हैं इसका दूसरा सबसे महत्वपूर्ण सुखद पहलू यह है कि गोवंश गोधन सुरक्षित हो रहा है जिस भाजपा ने गाय के नाम पर सारी जिंदगी राजनीति की है उन्हें उन्हीं की भाषा में गोबर से जवाब देने का करिश्माई करिश्मा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ठीक कर सकते हैं उनके विकास परक सोच की सीमाएं अनंत है। कांग्रेस की सरकार ने गांव गरीब और किसान के चौमुखी विकास पर अपना ध्यान केंद्रित किया है सरकार का मानना है कि शहर में विकास की चमक गांव की पगडंडियों से होकर पहुंचती है किसान की खुशहाली देश की समृद्धि शक्ति की पहचान है । पिछले 3 वर्षों में छत्तीसगढ़ का स्वाभिमान जागा है छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया धनारा देश में गूंजा है। कांग्रेस की सरकार ने छत्तीसगढ़ के पारंपरिक तीज त्योहारों का परंपराओं को हर्षोल्लास के साथ मनाते हुए छत्तीसगढ़ के अस्मिता को सहेजने वह सवारने का सार्थक प्रयास किया है। कांग्रेस भूपेश सरकार की राजीव गांधी किसान न्याय योजना ने किसानों को आर्थिक समृद्धि प्रदान करते हुए उनके जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन लाया है, आज किसानों के खाते में करोड़ों रुपए बिना किसी मध्यस्ता के सीधे तौर पर भुगतान हो रहे हैं। भाजपा के कुशासन में किसान होना दर्द का अनुभव देता था परंतु आज कांग्रेस के सुशासन में किसान होना गौरव की अनुभूति प्रदान करता है। इसी तरह इन 3 वर्षों में चिकित्सा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रदेश में उत्तरोत्तर प्रगति की है नए मेडिकल कॉलेज की मान्यता दी गई है ताकि छात्र बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सकें। जिससे प्रदेश व समाज लाभान्वित हो सके इसी क्रम में जेनेरिक मेडिकल स्पोर्ट खोले गए हैं जिनसे सभी दवाइयों आधे दामों पर खरीदी जा सके। नगरों व शहरों की साफ-सफाई व स्वच्छता पर केंद्र द्वारा सम्मान मिलना सरकार की उपलब्धियों का उद्घोषक है। देश का सर्वश्रेष्ठ मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ प्रदेश का होना समस्त छत्तीसगढ़वासियो के लिए गौरव की बात है। ऐसी ही अनगिनत उपलब्धियां हैं जो सरकार को अंतरित करती हैं। अंत में बस यही कहना चाहूंगा कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस भूपेश सरकार की विकास परक नीतियों के कारण ही आज छत्तीसगढ़ व छत्तीसगढ़ वासियों की धमक विश्व पटल पर गूंज रही है।

लेखक
छत्तीसगढ़ कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता है।

फरमाया

हम सरकार के खिलाफ़ मुद्दों को उठाना चाहते हैं, लेकिन हमें ऐसा करने नहीं दिया जाता है। यह लोकतंत्र की हत्या है।

- राहुल गांधी
कांग्रेस नेता

अमेरिका ने अफगानिस्तान में गलतियां कीं और पाकिस्तान को इसके लिए दोषी ठहराया जाता है।

- इमरान खान
पाक वज़ीरे आज़म

काशी में इतिहास का एक सुनहरा स्वरूप बनाया गया है जो धर्म और आस्था के इस धाम को रोशन करता रहेगा।

- योगी आदित्यनाथ
यूपी के मुख्यमंत्री

आप की बात

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

यादगार और चुनौतियों का दिन

13 सितंबर 2021 भारत के लिये यादगार और चुनौती देता दिन है। आज ही के दिन संसद पर हमला हुआ था। उस हमले को नाकाम बनाने के लिये वीर जवानों ने अपने प्राणों की बाजी लगाकर आतंकियों को ढेर कर दिया। 20 वीं बरसी पर कश्मीर में सशस्त्र पुलिस बलों की बस पर आतंकियों ने श्रीनगर के पन्था चौक पर गोलीबारी कर हमला कर दिया, जिसमें दो पुलिसकर्मी शहीद और 12 अन्य जख्मी हो गए। उत्तरी कश्मीर में एक नेता की सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मी अपने साथी के साथ दो असाल्ट राइफलें और कारतूसों की मैगजीन लेकर फरार हो गया। पूर्व में भी तमाम पुलिस कर्मी आतंकी संगठनों में शामिल हो गए। 5 अगस्त 2019 के बाद ऐसी घटनाओं पर रोक लगी ऐसा दावा सरकार करती है। लेकिन आतंकियों के पास हथियार और गोलाबारी का सामान कहां से आता है। इनके मददगार और संचालकों के सफाया करने की ओर अभियान अबतक नही चलाया गया। कश्मीर में आतंकी घटनाएं आंतरिक सुरक्षा को चुनौती दे रही हैं। आज तकनीकी युग मे देश की पलपल खबर भेजने वाले आस्तीन के सांपो की भरमार हो गई है। उदारवादी सरकार आंतरिक सुरक्षा को सुधारने की ओर ध्यान नही दे रही है।

- कुलदीप मोहन त्रिवेदी, जरगांव

आर्थिक असमानताएं

एक रिपोर्ट के अनुसार, देश की कुल राष्ट्रीय आय का 57 फीसदी हिस्सा देश के सर्वाधिक अमीर 10 फीसदी लोगों और उसमें भी 22 फीसदी हिस्सा सुपर अमीरों के हिस्से जा रहा है, जबकि आबादी के निचले पायदान पर बैठे 50 फीसदी भारतीय राष्ट्रीय आय के सिर्फ 13 फीसदी में किसी तरह गुजारा चलाने के लिए मजबूर हैं। देश के 40 फीसदी मध्यम और निम्न मध्यम वर्ग की भी स्थिति अच्छी नहीं है, जो कुल राष्ट्रीय आय के सिर्फ 30 फीसदी में गुजर-बसर कर रहे हैं। यही नहीं, संपत्ति में हिस्सेदारी की स्थिति और बदतर है, जो आर्थिक गैर-बराबरी को और भी तीखा, गहरा और स्थायी बनाने में बड़ी भूमिका निभाती है। रिपोर्ट के मुताबिक, देश की कुल संपत्ति में लगभग दो तिहाई यानी 65 फीसदी हिस्से पर देश के शीर्ष 10 फीसदी अमीरों का कब्जा है, जबकि निचले 50 फीसदी भारतीयों के हिस्से में सिर्फ 6 फीसदी संपत्ति आती है। इसमें भी टॉप एक फीसदी सुपर अमीर कुल संपत्ति के 33 फीसदी पर काबिज हैं, जबकि देश की आबादी के 40 फीसदी मध्यम और निम्न मध्यम वर्ग के पास कुल संपत्ति का सिर्फ 30 फीसदी हिस्सा है। सौ अर्थशास्त्रियों की रपट में भारत के संबंध में जो आंकड़े दिए गए हैं वे चौंकाने वाले हैं।

- सुभाष बुड़ावनवाला, रतलाम

चिंताजनक सच

इसे सौभाग्य कहा जाय या दुर्भाग्य? हमें गौरवान्वित होना चाहिए की अपमानित? केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने संसद को जानकारी दी के सिर्फ इस साल, यानी 20 सितम्बर 2021 तक, 1,11,287 भारतीयों ने, अपनी नागरिकता को त्याग दिया। सिर्फ इतना ही नहीं, पिछले 7 वर्षों के दौरान, साढ़े सात लाख लोगों ने भारतीय नागरिकता को अलविदा कह दिया। किसी अन्य देश में इतनी बड़ी संख्या में किसी ने ऐसा नहीं किया। हां गृहयुद्ध एवं भुखमरी के कारण लाखों लोग अन्य देशो में, खानाबदोश जीवन जीने को विवश जरूर हुए। मगर इच्छा से किसी ने अपना मुल्क को नहीं त्यागा। अगर हम अमेरिकियों का नागरिकता त्यागना का रिकॉर्ड को देखेंगे तो हमारी तुलना में नगण्य सा है। 2019 में सिर्फ 2072 एवं 2020 में केवल 5800 अमेरिकियों ने नागरिकता का त्याग किया था। शायद भारत में अवसरों, नौकरियों एवं सुख सुविधाओं में सख्त कमी होती जा रही है। यहां डॉक्टर्स, इंजीनियरों, उच्च कोटि के प्रबंधकों एवं अन्य पेशेवरों के लिए, कोई काम ही नहीं है।

- जंग बहादुर सिंह, जमशेदपुर

बेरला के दुकानदार के किए गए अतिक्रमण को हटाने नगर पंचायत ने दी समझाइश

नहीं मानेंगे तो होगा समान जब्ती की कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ≺ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिले के बेरला नगर पंचायत बाजार चौक एवं अन्य जगहों में विगत दिनों से दुकानदारों के द्वारा अपने दुकान के सामने पूरे सामान को फैलाकर अतिक्रमण किया गया जिससे आने वाले ग्राहकों का भी मोटरसाइकिल,ब? गाड़ी रोड में खड़े होने के कारण आने जाने वाले को होती है बहुत ज्यादा परेशानी एवं दुर्घटना होने की आशंका कई बार दुकानदारों को भी बताया गया कि अपने दायरे में ही समान रखा करें जिसको लेकर गुरुवार को बेरला स्छह्लक तेजराम पटेल,बेरला नगर पंचायत ष्टस्ह्ल भोई,बेरला थाना प्रभारी आर.पी सिंह एवं पुरे टीम के साथ भ्रमण किये और.सभी दुकानदारो को समझाईश दिये की अब से समान को फैलाकर नही रखना है और नही माने तो उसके बाद से चालानी कार्यवाही एवं समान जप्त किया जायेगा। बता दे की बेरला शहर में जगह-जगह हो रहे दुकानदारों द्वारा सामान बाहर निकाल कर अतिक्रमण किया गया है जिसके कारण लोगों के लिये परेशानी का सबब बना हुआ है। शहर की सड़कें चौड़ी होने के बावजूद अतिक्रमण के कारण मुख्य मार्गों पर कई बार जाम के हालात बन रहे हैं। वहीं अतिक्रमणकारियों के कारण यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है।जिसके कारण दुर्घटना होने का भी आशंका बना रहता है। बाजार चौक बेरला में एक घटना कल घटित हुआ है । जहा सड़क दुर्घटना में 7 वर्षीय बच्चे का मौत हो गया। बाजार चौक में बड़े गाड़ी पूरा आड़ा तिरछा खड़ा रहता है जिसके कारण बहुत ज्यादा परेशानी होती है।

ज्ञात हो की मुख्य बाजार सड़क सहित अन्य मार्गो पर अतिक्रमण एकबार फिर से पैर जमाने लगा है। कुछ माह पूर्व नगर पंचायत व पुलिस ने संयुक्त रूप से मुहिम चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की थी।

बेरला मुख्य बाजार में दुकानदारो द्वारा दुकान के बाहर पुरा अतिक्रमण करके समान को रखते है और जो ग्राहक अपने वाहन खड़े करके दुकानदारी करने चले जाते हैं। इस कारण बाजार में भीड़ और जाम की स्थिति बन जाती है। जिसको देखते हुए व्यापारीयों को समझाईश दिया गया है और नहीं मानेंगे तो चालानी कार्यवाही किया जायेगा।

तेज राम पटेल, एसडीओपी
बेरला जिला बेमेतरा

सभी दुकानदारो को समझाईश दिया गया की दुकान के सामने समान निकाल कर नहीं रखना है। उसके बाद से समान जप्ती और चालानी कार्यवाही किया जायेगा।

किरोद भोई, मुख्य नगर पंचायत
अधिकारी बेरला नगर पंचायत

किसानों की हुई जीत शासन ने जारी किए पुराने वर्ष के बारदानों के पैसे : राहुल टिकरिहा

पायनियर संवाददाता ≺ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं सभापति जिला पंचायत बेमेतरा राहुल योगराज टिकरिहा को ग्राम और मंडियों के भ्रमण के दौरान लगातार किसानों द्वारा पिछले वर्ष के बारदाने के राशि नहीं मिलने की शिकायत मिल रही थी।

जिसके बाद राहुल टिकरिहा ने किसानों की आवाज बनकर बारदाने की बाकी राशि को खाते में डालने के लिए सरकार को पत्र व समाचार पत्रों के माध्यम से मांग की। जिला पंचायत सभापति राहुल टिकरिहा ने बताया कि किसानों द्वारा पिछले वर्ष के बारदाने के बचत पैसे की मांग के उठते आवाज को देखते हुए सरकार ने तत्काल संज्ञान लेकर बचत राशि सरकार किसानों के खाते में डलवाए है साथ ही किसानों को बारदाने के एवज में जो राशि प्राप्त हुई है, उनका नाम सूचना बोर्ड में चिपकाने के लिए निर्देशित किया गया है साथ ही जिस किसान का पैसा अभी भी बाकी हो इस संबंध में कोई जानकारी मिलने पर समिति के माध्यम से तत्काल निराकरण करने हेतु निर्देशत किया गया है। सभापति टिकरिहा ने सभी किसानों से अपील करते हुए कहा है कि खाते में जो पैसे आ रहे है, वो सबकी जानकारी व अपने स्तर पर लिखकर रखें जिससे पता चल सके कि धान की राशि व धान के किश्तों की राशि व बारदाने की राशि जो आ रही है वो कम होने पर पता चल सके साथ ही जिस किसान को बारदाने का पैसा नहीं मिला है वो संबंधित समिति में पहुंचकर शिकायत करने का आग्रह किया।

अतिथि व्याख्याता (पी.जी.टी.) एवं शिक्षक (टी.जी.टी.) भर्ती हेतु आवेदन की अंतिम तिथि अब 20 दिसम्बर

बालोद। आदिवासी विकास विभाग द्वारा विकासखण्ड मुख्यालय डौण्डी में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय डौण्डी के लिए अतिथि व्याख्याता (पी.जी.टी.) एवं शिक्षक (टी.जी.टी.) भर्ती हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि में वृद्धि करते हुए 20 दिसम्बर 2021 निर्धारित की गई है। उक्त जानकारी आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने दी है।

ऑनलाइन फ्राड में सायबर सेल बेमेतरा ने प्रार्थी के खाते में कराया रिफंड

पायनियर संवाददाता ≺ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

प्रार्थी कृष्ण कुमार साहू पिता सुरेश कुमार साहू उम्र 44 साल साकिन तिलका पारा वार्ड नं. 09 नवागढ थाना नवागढ फोन पे वायलेट युज करता है प्रार्थी से वायलेट से पैसा नही निकल रहा था जिस पर प्रार्थी गुगल से फोन पे कस्टमर केयर का नम्बर निकाल कर हेल्प लेने के लिये बात किया। जिसके बाद अनावेदक द्वारा प्रार्थी के साथ मदद करने के बहाने से किस्तो में कुल 13,202/-रूपये का धोखाधडी/ऑनलाईन फ्राड कर लिया। जिसकी शिकायत प्रार्थी द्वारा सायबर सेल बेमेतरा में दर्ज कराया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन पर अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा के द्वारा सायबर सेल बेमेतरा प्रभारी प्र. आर. मोहित चेलक एवं सायबर सेल स्टाफ को उक्त ठगी करने वाले पर तत्काल कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर सायबर सेल बेमेतरा टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए प्रार्थी कृष्ण कुमार साहू उम्र 44 साल साकिन तिलका पारा वार्ड नं. 09 नवागढ़ थाना नवागढ़ जिला बेमेतरा की शिकायत को भारत सरकार द्वारा संचालित एनसीसीआरपी पोर्टल में दर्ज किया गया। तथा ठगी की रकम को होल्ड कराकर प्रार्थी के खाते में शतप्रतिशत 13,202/- रूपये रिफंड कराया गया। इसी प्रकार शासकीय अस्पताल साजा में पदस्थ नर्स विंसी विलियम उम्र 33 साल के साथ भी फोन-पे पर कैशबैक मिला है कहकर एक एप्लीकेशन डाउनलोड कराकर 1961/-रूपये एवं 1942/-रूपये का ठगी/ ऑनलाईन फ्राड करने का रिपोर्ट दर्ज कराया।

किसानों को गर्मी में धान के बदले अन्य वैकल्पिक दलहन, तिलहन एवं मक्का की खेती करने की सलाह

बेमेतरा। कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को रबी मौसम मे धान की जगह अन्य वैकल्पिक फसलों दलहन, तिलहन और मक्के की खेती करने की सलाह दी है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने कहा कि बेमेतरा जिला वर्षा अश्रित क्षेत्र के अन्तर्गत आता है। इसका आशय है कि खेती के लिए जिले का बहुताय रकबा मानसून के वर्षा पर निर्भर है। इन परिस्थियों मे जिले मे अच्छी वर्षा न होने से भू-जल स्तर वर्षा दर वर्ष नीचे जा रहा है, जिसके कारण गर्मी मे ग्रामीण क्षेत्रों मे पेयजल की समस्या उत्पन्न होती है। परिस्थितियां भयावह होने से पशुओं एवं मवेशियों के लिए भी पेयजल की समस्या हो रही है। बेमेतरा जिला मेकल पर्वत के वृष्टि छाया मे आता है, इस कारण जिले मे बारिश भी कम होती है। भू-जल स्तर नीचे जाने के अनेक कारणों मे से एक प्रमुख कारण यह भी है कि खरीफ मे धान की खेती होने के बाद

भी जिले मे लगभग 1700 हेक्टेयर क्षेत्र मे गर्मी मे धान की खेती की जाती है। गर्मी में सिंचाई पूरी तरह नलकूपों से की जाती है। एक किलोग्राम धान उत्पादन मे लगभग 3-5 हजार लीटर पानी की आवश्यकता होती है। इस आकलन के अनुसार जितने पानी मे ग्रीष्मकालीन धान की खेती की जाती है उतने पानी से बहुत से ग्रामीण परिवारों एवं पशुओं के लिए पेयजल की आपूर्ति की जा सकती है। धान के एक हेक्टेयर रकबे मे लगने वाले पानी से 3-4 हेक्टेयर में गेंहू तथा दलहन, तिलहन फसलें लेकर आसानी से लेकर लाभ प्राप्त किया जा सकता है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि टेस्ट ग्राउण्ड वाटर बोर्ड के अनुसार वर्ष 2019-20 मे जिले के बेमेतरा एवं नवागढ़ विकासखण्ड को सेमीक्रिटिकल जोन मे शामिल किया गया है। साथ ही अन्य अन्य विकासखण्डों मे भी भू-जल का स्तर लगातार नीचे जा रहा है, जो हमारे लिये आने वाले जल संकट का सूचक है। धान के बाद लगातार धान फसल लेने से मिट्टी की भौतिक संरचना पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। साथ ही क्षेत्र मे एक ही फसल के हानिकारक कीड़े एवं बीमारियों की संख्या बढ़ती है, जिसके उपचार के लिए किसानों द्वारा अंधाधुंध रासायनिक उर्वरको एवं कीटनाशक दवाईयों का उपयोग किया जाता है। इससे खेती की लागत मे बढ़ोत्तरी होती है। पर्यावरण पर भी स्पष्ट प्रभाव पड़ता है। दलहनी एवं तिलहनी फसल लेने से खेती की जमीन की उर्वरता बढ़ती है। जो हमारे किसानो के हित मे है। अधिकारियों ने बताया कि ग्रीष्मकालीन धान के बदले कम पानी मे आसानी से गेंहू मक्का, मूंग, उड़द, सरसों, चना की फसल ली जा सकती है। जिनके बाजार मूल्य भी धान से अधिक है। दलहन, तिलहन फसलों से अच्छा उम्पादन प्राप्त करने तथा दलहन तिलहन फसलों के विस्तार के लिए राज्य शासन की योजनाओं का लाभ लेने क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों या कृषि विज्ञान केन्द्र ढोलिया बेमेतरा से संपर्क किया जा सकता है। अधिकारियों ने किसानो से अपील करते हुए कहा है कि ग्रीष्मकालीन धान की खेती के स्थान पर वैकल्पिक फसलों का चयन कर पेयजल की समस्या से बचाव मे सहयोग करें।

शहीद वीर नारायण सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की

दल्लीराजहरा। आदिवासी अस्मिता के गौरव स्वतंत्रता संग्राम में छत्तीसगढ़ के प्रथम आदिवासी शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान दिवस पर अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी अनिल खोबरागडे के नेतृत्व में मोर्चा के पदाधिकारियों ने शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर मोमबत्ती, अगरबत्ती जलाकर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर शहीद वीर नारायण सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से चर्चा कर 2 मिनट की मौत श्रद्धांजलि अर्पित की गई। भाजपा नेता अनिल खोबरागड़े ने कहा कि सोनाखान के वीर नारायण सिंह ने अकाल पीड़ति किसानों के अधिकारों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी ।अंग्रेजों ने उन्हें रायपुर के जय स्तंभ चौक पर फांसी देकर तोप से उड़ा दिया था। बलिदान दिवस के इस अवसर पर प्रमुख रूप से अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हितेश मेश्राम, अनुसूचित जाति मोर्चा के दल्ली राजहरा मंडल अध्यक्ष बंटी चोपड़े, पूर्व मंडल अध्यक्ष सांसद प्रतिनिधि राजेश दशोड़े, जिला मंत्री राकेश कोसरे, जिला कार्यसमिति के सदस्य सागर गनीर, युवा मोर्चा के जिला मंत्री सोनू ठगेल, युवा मोर्चा के मंडल उपाध्यक्ष नीलेश श्रीवास्तव,आदि उपस्थित थे।

जिले के प्राथमिक शालाओं में नियमित रूप से हो रहा अध्यापन कार्य

बालोद। प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी पी.सी.मरकले ने बताया कि जिले के प्राथमिक शालाओं में सुचारू रूप से अध्यापन कार्य हेतु आसपास के शालाओं से (पूर्व माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक शाला) शिक्षकों की व्यवस्था सुनिश्चित कर प्राथमिक शालाओं में अध्ययन-अध्यापन कार्य नियमित रूप से संचालित हो रहा है। उन्होंने बताया कि विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों से जिले के 2173 सहायक शिक्षकों के फेडरेशन के आव्हान पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की सूचना प्राप्त हुई है।

जिले के समस्त देशी, विदेशी मदिरा दुकानों में निर्धारित दर पर किया जा रहा मदिरा का विक्रय

बालोद। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने जिले के अंग्रेजी शराब दुकान में अधिक दाम पर शराब विक्रय व ग्राहकों को बिल नहीं देने की जानकारी मिलने पर तत्काल संज्ञान में लिया और जांच के निर्देश आबकारी विभाग के सहायक आयुक्त को दिए। आबकारी विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि आकस्मिक जांच एवं टेस्ट परचेस में विदेशी मदिरा दुकान गुरूर में शासन द्वारा निर्धारित दर पर बिल सहित मदिरा विक्रय किया जाना पाया गया। उन्होंने बताया कि जिले की समस्त देशी, विदेशी मदिरा दुकानों में शासन द्वारा निर्धारित दर पर ही मदिरा का विक्रय किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अधिक दर पर मदिरा विक्रय अथवा मांग पर बिल नहीं देने की शिकायत विभाग के टोल फ्री नम्बर 14405 पर की जा सकती है।

सखी वन स्टॉप सेंटर : बिछड़ी महिला को उसके परिवारजनों तक पहुँचाया

बालोद। जिले में संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर के द्वारा अपने घर से बिछड़ी एक महिला को उसके परिवारजनों तक पहुँचाया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर में 27 नवम्बर 2021 को पीड़ित महिला को रैनबसेरा बालोद के कर्मचारियों द्वारा अस्थाई आश्रय हेतु लाया गया। वहॉ पीड़िता को सखी सेंटर द्वारा आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराई गई। सखी वन स्टॉप सेंटर में पीड़िता ने बताया कि उसके पति के साथ छोटी-छोटी बातों पर विवाद होता था। जिसके कारण वह घर से निकल गई और रास्ता भटकते हुए दल्लीराजहरा पहुँच गई। उसने बताया कि वह कुछ महिनों तक दल्लीराजहरा में काम करके अपना दिन गुजार रही थी। पीड़िता ने सखी वन स्टॉप सेंटर में अपने साथ हुए घटना की जानकारी दी और वापस घर जाने की इच्छा व्यक्त की। पीड़िता द्वारा बताए गए पते के संबंध में सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा संबंधित थाना में सम्पर्क किया गया। जिसके पश्चात् सखी सेंटर द्वारा पीड़िता को गंज थाना रायपुर को सुपुर्द किया गया। वहॉ पीड़िता के परिवारजन उसे लेने के लिए पहुँचे।

लावातरा हाईस्कूल में ऊर्जा संरक्षण पर हुई प्रतियोगितायें

बेमेतरा। छ. ग. राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) एवं जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा के निर्देशानुसार ऊर्जा संरक्षण पर विद्यालयों में चित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना था। जिसके अंतर्गत बेरला विकासखंड के शासकीय हाईस्कूल लावातरा में व्याख्याता भुवन लाल साहू के निर्देशन में ऊर्जा संरक्षण पर चित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया। चित्रकला प्रतियोगिता में कु. दामिनी निषाद कक्षा 9वीं प्रथम, कु. सुमन साहू कक्षा 9वीं द्वितीय तथा यशवंत धीवर कक्षा 10वीं तृतीय स्थान प्राप्त किए। इसी प्रकार स्लोगन प्रतियोगिता में कु. मोनिका साहू कक्षा 10वीं प्रथम, लवकुश साहू कक्षा 10वीं द्वितीय तथा पुष्पलता साहू कक्षा 10वीं तृतीय स्थान प्राप्त किए। इन चयनित प्रतिभागियों को व्याख्याता भुवन लाल साहू के द्वारा पुरस्कार भी प्रदान किया गया एवं उनके द्वारा आगे भी इसी प्रकार पढ़ाई के अलावा इस प्रकार के पाठ्येतर गतिविधियों तथा प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित भी किया गया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख रविशंकर देशलहरे, व्याख्याता अनुज राम साहू, शहनाज बानो खान, जमुना साहू उपस्थित थीं।

राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना अंतर्गत प्राप्त हुए 17233 आवेदन

दावा आपत्ति के लिए 24 दिसम्बर की तिथि निर्धारित

बेमेतरा। राज्य सरकार द्वारा भूमिहीन कृषि मजदूरों के लिए प्रारंभ की गई राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना अंतर्गत जिले में 01 सितम्बर से 30 नवम्बर 2021 तक कुल 17233 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें जनपद पंचायत बेमेतरा अंतर्गत कुल 4853, बेरला 3811, साजा 4969 एवं नवागढ़ अंतर्गत 3600 आवेदन प्राप्त हुए। इन आवेदनों के पंजीयन का कार्य जनपद पंचायत स्तर पर किया गया एवं पंजीयन पश्चात आवेदनों का परीक्षण संबंधित तहसीलदार के माध्यम से किया गया। इनमें प्रारंभिक रूप से कुल 15170 हितग्राहियों को पात्र पाया गया। तहसीलदार द्वारा सत्यापित आवेदकों की ग्राम पंचायतवार सूची जनपद पंचायत के माध्यम से ग्राम पंचायतों में प्रेषित की गई है। सत्यापित सूची पर दावा आपत्ति प्राप्त करने हेतु ग्रामसभा के समक्ष सूची प्रस्तुत की जावेगी। ग्राम सभा में प्राप्त दावा आपत्ति के निराकरण के पश्चात संशोधित सूची को पोर्टल में अद्यतन किया जायेगा। दावा आपत्ति प्राप्त करने एवं उनके निराकरण हेतु 24 दिसम्बर 2021 तक की समय-सीमा निर्धारित की गई है। इसके पश्चात 25 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 2021 तक दावा आपत्ति के निराकरण उपरांत अंतिम रूप से तैयार यथा संशोधित सूची को पोर्टल में अद्यतन किया जावेगा।

भा म सं की प्रदेश बैठक में प्रदेश सरकार के खिलाफ़ निर्णयात्मक आंदोलन करने का फैसला

दल्लीराजहरा। भारतीय मजदूर संघ छत्तीसगढ की प्रदेश कार्य समिति की बैठक 11 व 12 दिसंबर को बिलासपुर के इंदिरा विहार में सम्पन्न हुई, जिसमें प्रदेश के कामगारों व वेतनभोगी वर्ग के हालातों पर गहन चिंतन मनन करते हुए उनकी समस्याओं पर अनेक प्रस्ताव पारित किए गये व राज्य सरकार की नीतियों पर आक्रोष व्यक्त करते हुए शीघ्र समाधान की मांग की गई और पूरा न होने पर निर्णयात्मक आंदोलन करने का निर्णय लिया गया! बैठक के बाद प्रेस को जानकारी देते हुए भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश संगठन मंत्री योगेशदत्त मिश्रा ने बताया कि बैठक का उद्घाटन प्रदेश अध्यक्ष शोभा सिंहदेव ने किया, बाद के विभिन्न सत्रों मे जिला समितियों और विभिन्न उद्योगों मे कार्यरत युनियन के कार्यो की समीक्षा की गयी तथा बारी बारी से जिला मंत्रियो व फेडरेशनो के महामंत्रियो ने अपना अपना प्रतिवेदन रखा।

न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.के./20211214040019/अ-6/2021-22

// उद्घोषणा //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गुलशन पिता स्व. दीपक क्षत्रिय निवासी ग्राम सिंगारभाट तह. कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा मोहल्ला साहुरबंदपारा कांकेर में स्थित भूमि शीट नं. 10 बी, प्लाट नं. 16 क्षेत्रफल 463 वर्गमीटर कच्चा मकान मय हाता वार्षिक भू-भाटक 60.00, 6.00रू. श्रीमती सविता पति स्व. दीपक, ना.बा. हेमन्त, गुलशन पिता स्व. दीपक, कलावती पति स्व. चंदर सिंह, सुशीला पति स्व.सुन्दर सिंह, अशोक, प्रमोद पिता चंदर सिंह, योगेश सिंह पिता सुन्दर सिंह, लता पति अजय सिंह परिहार, मंजू पति खेम सिंह ठाकुर, घनश्याम सिंह पिता मुरारी सिंह ना.बा. कुमारी प्रिया उर्फ श्रेया पिता घनश्याम सिंह वली पालक घनश्याम सिंह, किरण पति स्व. ओम प्रकाश, कविता पति लिमेन सिह ठाकुर, पुर्णिमा पति बसन्त ठाकुर निवासी कांकेर नजूल अभिलेख में दर्ज है। खातेदार कलावती चौहान की मृत्यु दिनांक 12.06.2010 एवं प्रिया उर्फ श्रेया ठाकुर की मृत्यु दिनांक 01.07.20210 को होने का उल्लेख करते हुए मृतक खातेदार का नाम विलोपित कर शेष खातेदारों का नाम यथावत् रखे जाने एवं ना.बा. को विलोपित कर केवल हेमन्त एवं गुलशन दर्ज करने इस न्यायालय में भूराजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति संस्था, निकाय आदि को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर/मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 10/12/2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर

नजूल अधिकारी
उत्तर बस्तर कांकेर

मैं अलिन नागराज निवासी 1661, न्यू शांति नगर, शंकर नगर, रायपुर सूचित करती हूं कि पूर्व में मेरा नाम अलिन नागराज, पिता अजय श्रीराम नागराज था, जोकि अब मैने बदलकर अलिन नागराज, पिता अजय नागराज रख लिया है अतः आज से मुझे समस्त शासकीय/अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये अलिन नागराज, पिता अजय नागराज के नाम से जाना और पहचाना जाए।

न्यायालय तहसीलदार मुंगेली, जिला-मुंगेली, (छत्तीसगढ़)

// ईश्तहार //

राजस्व प्रकरण क्रमांक अ-6/2020-21
ग्राम मुंगेली 02, प.ह.न. 59

एतद् द्वारा ग्राम मुंगेली के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक उषा राजपूत पिता/पति मनोज राजपूत जाति ---निवासी मुंगेली तहसील व जिला मुंगेली द्वारा ग्राम मुंगेली हल्का न.59 तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख. न. 86/3 में से रकबा 0.12 एकड़ का पंजीकृत बैनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई भी दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभावक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 27/12/21 को समय 11:00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02/12/2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
मुंगेली (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार मुंगेली, जिला-मुंगेली, (छत्तीसगढ़)

// ईश्तहार //

राजस्व प्रकरण क्रमांक अ-6/2020-21
ग्राम मुंगेली 02ए प.ह.न. 59

एतद् द्वारा ग्राम मुंगेली के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुमिला देवी पिता/पति स्व. पैखन सिंह जाति ---निवासी मुंगेली तहसील व जिला मुंगेली द्वारा ग्राम मुंगेली हल्का न.59 तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख. न. 86/3 में से रकबा 0.12 एकड़ का पंजीकृत बैनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई भी दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभावक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 27/12/21 को समय 11:00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तिया पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02/11/2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
मुंगेली (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बोड़ला, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र. अ/2 वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि आवेदक झगरू राम पिता लुकन धोबी निवासी ग्राम बोरिया तहसील बोड़ला जिला कबीरधाम के द्वारा अपने नाम की भूमि स्वामी हक की भूमि बोरिया प.ह.नं. 10 तहसील बोड़ला स्थित भूमि ख.नं. 59/1 रकबा 0.129 हे. भूमि को कृषि प्रयोजन से आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तित कराये जाने हेतु प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत तिथि 31/12/21 तक दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/12/21 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 13/12/21
पेशी दिनांक - 31/12/21

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
(राजस्व) बोड़ला

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग खैरागढ़ संभाग खैरागढ़

// निविदा आमंत्रण सूचना //

क्रमांक-5787/N.I.T.8/2021-22/वलेलि — दिनांक 10/12/2021

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	-	23/12/2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि	-	30/12/2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि	-	31/12/2021 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम NoOfCalls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू. में) बैंक सालवेंसी (रू. में)
1	2	3
8 T0099	सोनभट्टा पूर्व माध्यमिक शाला एवं आंगनबाड़ी केंद्र भवन पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य ल. 250 मीटर	17.49 13200.00 0.00
8 T0100	काचरी प्राथमिक शाला/पूर्व माध्यमिक शाला/पंचायत भवन एवं आंगनबाड़ी केंद्र भवन पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। ल. 120 मीटर	8.46 6400.00 0.00
8 T0101	अतरिया के उपस्वास्थ्य केंद्र एवं आंगनबाड़ी केंद्र भवन पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। ल. 150 मीटर	10.59 8000.00 0.00
8 T0102	भीमपुरी पूर्व माध्य. शाला/प्राथमिक स्वास्थ्य एवं आंगनबाड़ी केंद्र भवन पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। ल. 300 मीटर	19.56 14700.00 0.00
8 T0103	टेकापार पूर्व माध्य. शाला/पंचायत भवन एवं खाद गोदाम पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। ल. 200 मीटर	15.02 11300.00 0.00
8 T0104	जोरातराई हाई स्कूल भवन पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य ल. 200 मीटर प्रथम आमंत्रण	15.02 11300.00 0.00
8 T0105	डोकराभाठा प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला भवन पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य ल. 200 मीटर	15.02 11300.00 0.00
8 T0106	डोकराभाठा उप स्वास्थ्य केंद्र एवं ग्राम पंचायत भवन पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य लं. 200 मीटर	15.02 11300.00 0.00
8 T0107	गहुद उप स्वास्थ्य केंद्र पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य लं. 150 मीटर प्रथम आमंत्रण	11.27 8500.00 0.00
8 T0108	पंड़ीखुर्द मिडिल स्कूल भवन पहुंच मार्ग का निर्माण लं. 150 मीटर प्रथम आमंत्रण	11.27 8500.00 0.00
8 T0109	खैरबना प्राथमिक शाला एवं आंगनबाड़ी केंद्र भवन पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य लं. 150 मीटर	11.27 8500.00 0.00
8 T0110	अतरिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य लं. 200 मीटर प्रथम आमंत्रण	15.02 11300.00 0.00

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

G - 65865/3

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग
खैरागढ़ संभाग खैरागढ़

कलेक्टर के आदेश को किया दरकिनार पुल पर बड़े वाहनों की आवाजाही जारी

चंद्रपुर महानदी पुल में मरम्मत कार्य के लिए 15 दिसम्बर से बड़े वाहनों का आवागमन पर लगा था रोक

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

जिले के कलेक्टर के आदेश का कोई परवाह नहीं होते दिख रहा है। सूत्रों के मिली जानकारी के अनुसार जांजगीर-चांपा जिले के संवेदनशील कलेक्टर श्री जितेंद्र शुक्ला द्वारा चंद्रपुर महानदी पुल में मरम्मत कार्य होने के कारण 15 दिसंबर से आवागमन को जो भारी वाहनों पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। मगर देखने को मिल रहा है कि नेशनल हाईवे के अधिकारियों की तैयारी आधी अधूरी देखी जा रही है। जिससे कि उनके द्वारा कलेक्टर द्वारा किये गए आदेश को दर किनार करते हुए अपने मन से तिथि को बड़ा ले रहे हैं, तो इससे यह अंदेशा लगाया जा रहा है कि इनको जांजगीर चांपा जिले की कलेक्टर की कोई परवाह नहीं है। जब इनके द्वारा मरम्मत कार्य करने के लिए महानदी पुल में पूरी तैयारी नहीं है तो आखिर इनके द्वारा कलेक्टर महोदय से क्यों काम कि स्वकृती ली गई । चंद्रपुर के पुल की मरम्मत करनी है और अगर इनके द्वारा इनके अनुसार ही कार्य करना है तो फिर जांजगीर-चांपा जिले के कलेक्टर के आदेश कि इनको क्या जरूरत महसूस पड़ी? जब जांजगीर-चांपा जिले के कलेक्टर ने 15 दिसंबर से भारी वाहनों पर प्रतिबंध लगा दिया और आदेश की कॉपी निकाल दी है। जिस पर सभी पत्रकारों ने प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के तहत प्रचार प्रसार कर दिया गया था। जिस पर कई कंपनियां जो इस रोड में काम करती है उन संस्थाओं ने अपने कार्यों को बंद करके जो इस चंद्रपुए महानदी पुल से होते हुए अपना कार्य करते है। इस चंद्रपुर महानदी पुल में भारी वाहनों का कार्य करते हैं वे अपनी सारी वाहनों को दूसरे जगह भेज कर अपना कार्य करने लगे हैं ।तथा जो स्थानीय कर्मचारी उनके संस्थान में है उनको इस पुल की मरमत होते तक छुट्टी दे दी गई है।

क्योंकि यह पुल 15 दिसंबर से बंद होने के उपरांत उनको जो रास्ता मिलेगा उसमें उनके मार्ग में बहुत ज्यादा नुकसान दिखाई पड़ता था। इसलिए उनके द्वारा चंद्रपुर महानदी पुल में मरम्मत होने तक अपना कार्य 15 दिसंबर से बंद कर दिया गया था।क्योंकि 15 दिसंबर का आदेश जिले के कलेक्टर साहब द्वारा निकाला गया था। और नेशनल हाईवे वाले कलेक्टर के आदेश को दरकिनार करते हुए अपना आदेश निकालते हुए इसको आगे बढ़ा दिया गया है । आप देखने और सोचने वाली बात है कि आखिर नेशनल हाईवे रोड की अधिकारियों को कलेक्टर के आदेश की तिथि को क्यों बढ़ाना पड़ा? और जब तिथि बढ़ाना ही था तो जांजगीर-चांपा जिले के कलेक्टर को इसकी सूचना क्यों नहीं दी गई।

धान खरीदी में अनियमितता, भोथिया खरीदी केन्द्र प्रभारी को कारण बताओ सूचना जारी

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में राज्य सरकार के निर्देशों का पालन नही करने पर जांजगीर चाम्पा जिले के भोथिया धान उपार्जन केन्द्र के प्रभारी अशोक कुमार चन्द्रा को जिला सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी ने कारण बताओ सूचना जारी कर 3 दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने कहा है,नोडल अधिकारी द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस के अनुसार शनिवार 11 दिसंबर को जाँचकर्ता अधिकारी बाराद्वार शाखा के स.वि.अ. सुशील कुमार सूर्यवशी एवं पर्यवेक्षक रोहित कुमार राठौर द्वारा भोथिया उपार्जन केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरिक्षण में तौल किये गए बोरी से धान चोरी कर निकलना, खरीदे गये धान का स्टेक नहीं लगाना, खरीदे गये धान का वजन अधिक/कम होना और धान में नमी की मात्रा अधिक पाया गया, उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ शासन के धान खरीदी नीति का उल्लंघन है। इस संबंध में स्पष्टीकरण 03 दिवस के भीतर धान खरीदी केन्द्र प्रभारी श्री अशोक कुमार चन्द्रा को स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत करने कहा गया है,स्पष्टीकरण प्रस्तुत नही करने की स्थिति में सहकारी सेवा नियम के तहत कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जावेगा।

इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम – मिनी रत्न)
सीआईएन नं.: L74899DL1999GOI101707
आज़ादी का अमृत महोत्सव

आईआरसीटीसी निम्नलिखित के लिए ई–बोली/ई–आरएफपी आमंत्रित करता है:–

1) इंटीग्रेटेड रेलवे हेल्पिंग एंड इंक्वायरी सिस्टम–139 के लिए मैनेज्ड सर्विस पार्टनर के चयन के लिए। पहली प्री–बिड मीटिंग (वीसी): 20.12.2021 को 12:30 बजे, दूसरी प्री–बिड वीसी 06.01.2022 को 12:30 बजे।
जमा करने की अंतिम तिथि: 24.01.2022।

2) बिलासपुर छत्तीसगढ़ में 'रेल नीर' पैकेज्ड पेयजल संयंत्र के लिए ऑपरेटर के चयन के लिए। प्री–बिड मीटिंग: 28.12.2021 को 15:00 बजे आईआरसीटीसी कॉर्पोरेट कार्यालय, नई दिल्ली में।
जमा करने की अंतिम तिथि: 18.01.2022 15:00 बजे तक।

3) आईआरसीटीसी/उत्तरी क्षेत्र के अंतर्गत भारतीय रेलवे पर ए1 और ए श्रेणी के स्टेशनों के तहत जलपान कक्षों और जन आहार में/के माध्यम से खानपान सेवाओं के संचालन, रखरखाव और प्रावधान के लिए।
निविदा उपलब्धता: 20.12.2021, जमा करने की अंतिम तिथि: 10.01.2022 15:00 बजे तक।

4) आईआरसीटीसी/उत्तरी क्षेत्र के तहत भारतीय रेलवे के बी, सी और डी श्रेणी के स्टेशनों पर फास्ट फूड इकाइयों की स्थापना, संचालन और प्रबंधन के लिए।
निविदा उपलब्धता: 20.12.2021, जमा करने की अंतिम तिथि: 11.01.2022 को 15:00 बजे तक।

5) आईआरसीटीसी वेबसाइट और मोबाइल ऐप के लिए चैटबॉट समाधान प्रदाता के चयन के लिए प्रतिष्ठित फर्मों से ऑनलाइन बोलियां आमंत्रित की जाती हैं।
जमा करने की अंतिम तिथि: 23.01.2022 15:00 बजे तक।

निविदा दस्तावेज विवरण के लिए वेबसाइट **www.irctc.com** (क्र.1 से 5 के लिए), **"www.tenderwizard.com/ IRCTC"** (क्र.1 से 5 के लिए) तथा **eprocure.gov.in/cppp** (क्र. 3 एवं 4 के लिए) पर देखे। उपरोक्त निविदा दस्तावेजों को ऑनलाइन डाउनलोड करना और जमा करना केवल **"www.tenderwizard.com/ IRCTC"** वेबसाइट पर ही किया जा सकता है।

शुद्धिपत्र/परिशिष्ट केवल **www.irctc.com** तथा **"www.tenderwizard.com/ IRCTC"** पर प्रकाशित किया जाएगा।

कार्यालय पता: समूह महाप्रबंधक (पी एंड टी), आईआरसीटीसी लिमिटेड 11वां तल,स्टेट्समैन हाउस, बी–148, बाराखम्बा रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली– 110001, टेली: 011–23311263–64

पीएमजीएसवाई सड़क निर्माण कार्य में लगी 2 जेसीबी और एक मोटर साइकिल को अज्ञात बदमाशों ने जलाया

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुर/मनोरा
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना पीएमजीएसवाई योजना के तहत जशपुर जिला मुख्यालय के नजदीक जरिया से बरटोली होते हुए बुमतेल, कुजरी तक सड़क का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसी साइट पर काम रही 2 जेसीबी मशीन को बुधवार-गुरूवार की दरम्यानी रात अज्ञात बदमाशों ने आग के हवाले कर दिया। जेसीबी मशीन टायर और अन्य सामान जलकर खाक हो गए। इसके साथ ही बदमाशों ने एक मोटर साइकिल को भी आग के हवाले कर दिया। सड़क निर्माण कार्य अभय कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा किया जा रहा है। इसी कंपनी के मनोरा से खरसोता-डड़गांव साइट सड़क निर्माण के दौरान कुछ बदमाशों के द्वारा लेवी के लिए परेशान किए जाने और कर्मचारियों के साथ मारपीट करने व गोली चलाने की घटनाओं की जानकारी भी सामने आ चुकी है। गोली कांड के कुछ ही महीनों के बाद घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर जेसीबी को आग लगाने की वारदात को अंजाम दिया गया है। इस संबंध में एसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि वारदात को किसी नक्सली संगठन के द्वारा अंजाम देने की बात या कोई चिटठी सामने नहीं आई है। फोरेंसिक विभाग की टीम को बुलाकर मामले की जांच की जा रही है।

इस तरह घटी घटना

जशुपर जिले के नजदीक जरिया बरटोली के केडीएस स्कूल सामने रात 11.30 बजे दो जेसीबी और एक मोटरसाइकिल को आग के हवाले कर दिया गया। जेसीबी मालिक मो. तबारक अंसारी, गाड़ी नम्बर जेएच-12/एफ 7545, जेसीबी मालिक इमरान अंसारी, गाड़ी नम्बर जेएच-12/के8103 जानकारी के अनुसार बीती रात में बरटोली गाँव मे अभय कंस्ट्रक्शन कंपनी का काम चल रहा था। जेसीबी चालक काम कर के सोने के लिए गए 11 बजे चले गए थे। रात में जेसीबी चालक ने कुछ जलने की आवाज सुनी। वह आवाज सुनते ही बाहर निकल कर देखा तो जेसीबी में आग लगी हुई थी। आग पूरी तरह से लग चुकी थी जेसीबी के सामने जाना खतरे से खाली नहीं था। उसी दौरान कर्मचारियों ने अपने मालिक को फोन कर घटना की जानकारी दी। जानकारी के पश्चात फायर बिग्रेड को 12 बजे फोन कर बुलवाया गया। जबतक फायर बिग्रेड पहुंचती जेसीबी और मोटरसाइकिल पूरी तरह से जलकर खाक चुकी थी।

प्लास्टिक बोरी से लगाई आग

जानकारी के अनुसार जेसीबी मेन रोड में सड़क किनारे खड़ी थी, मोटरसाइकिल घर के रास्ते के किनारे खड़ी थी। अज्ञात बदमाशों के द्वारा जेसीबी और मोटरसाइकिल को जलाने के लिए प्लास्टिक बोरी का इस्तेमाल किया और आग लगाई गई।

सड़क निर्माण साइट में जेसीबी मशीन को जलाने की घटना की जांच के लिए एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया है। नक्सली संगठन के संलिप्तता की जानकारी नहीं है।

विजय अग्रवाल, एसपी जशपुर

छुट्टियों के दौरान तोहफा देने की समस्या हुई हल

रायपुर। छुट्टियों के पसंदीदा रंगों के साथ यहां आपके लिये क्रिसमस शॉपिंग की एक आसान गाइड दी गई है, यह खुश रहने और दूसरों को खुश रखने का समय है। क्रिसमस के मौके पर ऊषा इंटरनेशनल की तरफ से तोहफे देने परफेक्टख सूची दी गई है- यह सुविधाजनक किचन अप्लायंसेस, किफायती फैब्रिक केयर और कुछ खूबसूरत पंखों का वन-स्टॉप शॉपिंग गाइड है। ये आपके घरों को और भी ज्यादा क्रिसमस के रंगों और खुशियों से भर देगा। ऊषा कोलोसल डीएलएक्स सीडी0150 एडब्लू2, 2 लीटरः हमें पूरा विश्वास है कि हर किसी को मुलायम इडलीझउत्तपम और डोसा खाना पसंद है, यह आपके मन को खुशियों से भर

देता है और आपके पेट के लिय भी हलका है और ऊषा वेट ग्राइंडर हर बार परफेक्ट ब्लेंड किया हुआ बैटर तैयार करने में आपके किचन का सबसे अच्छा साथी बन सकता है। इसका ड्युअल फ्लो ब्रेकर्स एकसमान, स्मूद बैटर तैयार करता है और इसका सिक्योर्ड आर्म लॉक, सुरक्षित और अच्छी ग्राइंडिंग देता है। थंडरबोल्ट टीएच800एमएक्स3ः ऊषा थंडरबोल्ट 800 वॉट के साथ हॉलीडे कुकिंग के जोश के साथ तैयार हो जाइये, यह एक ऐसा अप्लायंस है जोकि सर्दियों के इस मौसम में आपकी पाककला को और निखारेगा। ये मिक्सर ग्राइंडर तीन मजबूत जार्स के साथ आता है जो आपके दिमाग में पक रहे नई-नई रेसिपीज के साथ प्रयोग करने में आपकी मदद करेगा। इसका 100 कॉपर मोटर आगे आने वाली कई सारी छुट्टियों में इसी तरह आपके साथ बना रहेगा।

ट्राइएनर्जी+ मिक्सर ग्राइंडर टीपी800एमएक्स4ः तो आप अपने किसी ऐसे के लिये क्रिसमस गिफ्ट की तलाश कर रहे हैं, जिन्हें रसोई में समय बिताना अच्छा लगता है? यदि आप ऊषा ट्राइएनर्जी+800 वॉट कॉपर मोटर मिक्सर ग्राइंडर लेते हैं।

स्व. कुलदीप निगम की 19वीं पुण्यतिथि पर कई जगह पुष्पांजलि

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद के प्रथम महासचिव, वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी स्व. कुलदीप निगम की 19वी पुण्यतिथि आज 16 दिसम्बर को माना कैम्प रायपुर स्थित कुलदीप निगम वृद्धाश्रम में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया है। एवं वृद्धाश्रम में निवासरत बुजुर्गों को फल वितरण किया गया। कोविड प्रोटोकॉल नियमो के तहत केवल सीमित पदाधिकारियों की उपस्थिति रखी गई। इस अवसर पर सी. एस. ई. बी. के सेवानिवृत्त एक्सक्यूटिव इंजीनिअर एस.के.घर मुख्य अतिथि ने स्व. निगम की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं वृध्दाश्रम के अध्यक्ष राजेन्द्र निगम, सचिव बिमल घोषाल, कृष्ण कुमार निगम। प्रीति निगम, अधीक्षक लीला यादव, पारूल चक्रवर्ती के अतिरिक्त वृद्धाश्रम में रहने वाले वृद्धजनों

ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किये। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा संचालित बाल गृह माना कैम्प में भी पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया बालगृह की अधीक्षक कौशल्या के साथ कर्मचारियों के साथ बालगृह के बच्चे उपस्थित रहे। स्व. निगम के गृह ग्राम स्थित शाशकीय कुलदीप निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्रा में भी शाला विकास समिति के अध्यक्ष विजय शंकर निगम सदस्य उमेश जैन, प्राचार्य सुबोध तिवारी, अन्य सदस्य, शिक्षक गण, छात्रों द्वारा भी पुष्पांजलि अर्पित कर स्व. निगम के द्वारा किये गए कार्यों का स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दिया गया।

कार्ड-ऑन-फाइल टोकनाइजेशन सुरक्षित डिजिटल भुगतान के एक नए युग की शुरुआत करेगा मास्टरकार्ड

रायपुर। भारत को बढ़ते साइबर और वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों से बचाने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक ने सितंबर 2021 में एक ऐतिहासिक निर्णय लिया केंद्रीय बैंक के नए रेगुलेशन के तहत भुगतान नेटवर्क और जारीकर्ता बैंकों को कार्ड टोकननाइज़ेशन सेवाओं की पेशकश करने की अनुमति दी ई-कॉमर्स व्यापारियों और भुगतान एग्रीगेटर्स के लिए टोकन सेवा प्रदाता (टीएसपी) 01 जनवरी 2022 से शुरू हो रहे हैं यह अनुमति भुगतान नेटवर्क द्वारा प्रदान की जाने वाली डिवाइस-आधारित टोकन सेवाओं का ही विस्तार है। टोकनाइजेशन कार्ड नंबरों को टोकन से बदलने की एक प्रणाली है यानी एक वर्चुअल नंबर, जो हर एक व्यापारी के लिए विशिष्ट है जब कोई उपभोक्त ा किसी मर्चेंट ऐप या वेबसाइट में लॉग इन करता है, जहां उनके कार्ड का विवरण संग्रहीत किया जाता है तो उन्हें मूल कार्ड नंबर के केवल अंतिम 4 अंक दिखाई देते हैं।

ईस्ट कोस्ट रेलवे के संबलपुर रेल मंडल के अंतर्गत टिटलागढ़

थेरुबाली सेक्शन में लिमिटेड हाइट सबवे एवं ब्रिज रिबिल्डिंग कार्य के फलस्वरूप कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित

रायपुर। ईस्ट कोस्ट रेलवे के संबलपुर रेल मंडल के अंतर्गत टिटलागढ़ -थेरुबाली सेक्शन में लिमिटेड हाइट सबवे एवं ब्रिज रिबिल्डिंग कार्य के लिए ट्रैफ्फिक कम पॉवर ब्लॉक लिया जा रहा है।

इसी के फलस्वरूप कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा।

गंतव्य से पहले समाप्त होने वाली गाड़ियां:-दिनांक 22 दिसंबर 2021 एवं 29 दिसम्बर,2021 को गाड़ी संख्या 08527 रायपुर-विशाखापट्टनम पैसेंजर को टिटलागढ़ में समाप्त किया जाएगा।

दिनांक 22 दिसम्बर 2021 एवं 29 दिसम्बर,2021 को गाड़ी संख्या 08528 विशाखापट्टनम- रायपुर पैसेंजर को रायगड़ा में समाप्त किया जाएगा। अथार्त दिनांक 22 दिसंबर 2021 एवं 29 दिसम्बर,2021 को गाड़ी संख्या 08527/ 08528 रायपुर -विशाखापटनम- रायपुर की सेवाएं टिटलागढ़-रायगड़ा के मध्य रद्द रहेगी।

रीशेड्यूलिंग की जाने वाली गाड़ी: दिनांक 21 दिसंबर 2021 को गाड़ी संख्या 12808 निजामुद्दीन -विशाखापट्टनम सुपरफास्ट एक्सप्रेस को निजामुद्दीन से 2 घंटे 30 मिनट रीशेड्यूल कर रवाना किया जाएगा एवं दिनांक 28 दिसम्बर, 2021 को उक्त गाड़ी को 2 घंटे रीशेड्यूल कर रवाना किया जाएगा।

फूड मार्ट में आधे घंटे तक लिफ्ट में फंसा रहा बच्चा

रायगढ़। शहर के जूटमिल क्षेत्र में बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक 14-15 साल का बच्चा आधे घंटे से अधिक समय तक लिफ्ट में फंसा रहा। जिसे कड़ी मशक्क त के बाद बाहर निकाला गया। इस संबंध में

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर करीब 1 बजे जूटमिल क्षेत्र स्थित फूड मार्ट में अचानक लिफ्ट खराब होने और बिजली बंद होने से एक 14-15 साल का एक बच्चा फस गया। जिसके बाद उसके परिजन काफी परेशान होने लगे और पुलिस और डायल 112 को फोन किया लेकिन आधे घंटे तक वहां कोई नहीं पहुंचा। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पार्षद विनोद महेश और अन्य लोग भी वहां पहुंच गये और बच्चे को निकालने की कोशिश करने लगे। वहीं बच्चे के परिजन उससे लगातार बात कर रहे थे ताकि बच्चा घबराये नहीं वहीं आधे घंटे बाद कुछ लोग चाबी लेकर पहुंचे।

इनफिनिक्स का गेमिंग स्मार्टफोन 11,999 रू की शुरुआती कीमत में फ्लिपकार्ट पर 20 दिसंबर से उपलब्ध

रायपुर। लोकप्रिय नोट-10 सीरीज की जबर्दस्त सफलता के बाद, ट्रांसियॉन ग्रुप के प्रीमियम स्मार्टफोन ब्रैंड इनफिनिक्स अब तक चर्चा में छाए नोट 11 सीरीज को भारत में लॉन्च करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इन फोन को प्रीमियम और पावरफुल गेमिंग फोन के रूप में स्थापित करते हुए ऑल-न्यू नोट 11एस (6/64 एवं 8/128) फ्लिपकार्ट पर 20 दिसंबर से क्रमश 12999/- और 14999/-की शुरुआती कीमत पर बिक्री के लिए उपलब्ध होगा। नोट 11 (4/64) को 11999/- की शुरुआती कीमत पर 23 दिसंबर से खरीदा जा सकेगा। नोट 11-6.7 इंच एफएचडी प्लस एमोलेड डिस्प्ले, 92 प्रतिशत स्र ीन टु बॉडी रेश्यो, 750 निट्स/नोट 11 एस - 6.95 इंच पंचहोल एफएचडी प्लस डिस्प्ले, 120 हर्टज की अल्ट्रा स्मूथ रिफ्रेश रेट के साथ नीले प्रकाश के उत्सर्जन के लिए टीयूवी रीनलैंड से सर्टिफाइड। यह फोन एंड्रॉयड 11 एक्सओएस10 पर ऑपरेट करता है। नोट 11 को एडवांस्ड हेलियो जी 88

प्रोसेसर पूरी तरह सपोर्ट करता है, जबकि नोट 11एस में आधुनिक हेलियो जी 96 प्रोसेसर लगा है। दोनों डिवाइसेज पर यूजर्स को गेमिंग का शानदार अनुभव कराने के लिए डार-लिंक 2.0 गेमबूस्ट टेक्नोलॉजी से लैस किया गया था। मेमोरी वैरिएंट्स- नोट11-एलपीडीडीआर4एक्स रैम के साथ 4 जीबी/64 जीबी की इंटरनल स्टोरेज, नोट 11एस -6 जीबी/64 जीबी और 8 जीबी/128 जीबी के स्टोरेज विकल्पों के साथ एलपीडीडीआर4एक्स रैम और यूएफएस 2.2 स्टोरेज टेक्नोलॉजी के साथ मिलती है। नोट 11 और नोट 11 एस में एफ/1.6 के बड़े अपर्चर के साथ 50 एमपी का ट्रिपल रियर कैमरा सेट अप है, जबकि इसका 16 एमपी एआई सेल्फी कैमरा एफ/2.0 अपर्चर के साथ आता है। 5000 एमएच की बैटरी दोनों डिवाइसेज को सपोर्ट करती है। इसमें 33 वॉट की फास्ट चार्जिंग होती है। नोट 11 एस को सेफ चार्ज सपोर्ट के लिए टीयूवी रीनलैंड से प्रमाणित किया गया है।

वरिष्ठ कांग्रेसी खुदाबख्श अंसारी का निधन श्रद्धांजलि देने पहुंचे पूर्व नपा अध्यक्ष निकुंज

जशपुरनगर। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता खुदाबख्श अंसारी का 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निवास स्थान दर्जी मोहल्ला स्थित मकान में श्रद्धांजलि देने कांग्रेस के आदिवासी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष व नगर पालिका जशपुर के पूर्व अध्यक्ष हीरू राम निकुंज पहुंचे। हीरू निकुंज ने बताया कि दिवंगत खुदाबख्श अंसारी कांग्रेस के स्तंभों में से एक थे वे अपने जीवनकाल में सदैव कांग्रेस पार्टी से निष्ठा के साथ जुड़े रहे।

अवैध उत्खनन व परिवहन पर करें कार्यवाही : कलेक्टर

रायगढ़। कलेक्टर भीम सिंह ने खनिज विभाग की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों को अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वाले वाहनों पर कार्र्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने खनिज विभाग के कार्यो की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने जिले के विभिन्न वन क्षेत्रों से लगे हुए खनन क्षेत्रों में अवैध परिवहन के लिए फारेस्ट गार्ड के माध्यम से निगरानी करने के लिए निर्देशित किया। जिससे इन क्षेत्रों में होने वाले अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर रोक लगाया जा सके। इस दौरान उन्होंने उप संचालक खनिज बी.के. चंद्राकर से किए गए कार्यवाही की जानकारी ली।

कार से करीब 11 किलो गांजा बरामद, अवैध गांजा व कार की जप्ती

ओडिशा से सेंट्रो कार में गांजे लाते दो आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीना के दिशा निर्देशन तथा एडिशनल एसपी लखन पटले, एसडीओपी सारंगढ़ प्रभात पटेल के मार्गदर्शन पर सप्ताह के भीतर थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक पाटले के नेतृत्व में गांजा के अवैध परिवहन पर दूसरी बड़ी कार्यवाही किया गया है। ज्ञात हो कि 12 दिसंबर को टिमरलगा बेरियर पास तिराहा पर पिकअप वाहन में टमाटर कैरेट के नीचे गांजा छिपाकर ले जाते एक आरोपी को 48 किलो गांजा के साथ पकड़ा गया था। आज भी टीआई विवेक पाटले के मुखबिर द्वारा दी गई सटिक सूचना पर सेंट्रो कार में की जा रही तस्करी को विफल किया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर थाना प्रभारी सारंगढ़ को मुखबिर से सूचना मिली कि एक स्लेटी रंग यूपी पासिंग सेंट्रो कार में उड़ीसा से गांजा लेकर दो तस्कर सारंगढ़ की ओर निकले हैं जिस पर थाना प्रभारी द्वारा तत्काल स्टाफ के साथ ग्राम कुधरी सूरज ढाबा सामने बिलासपुर मेन रोड़ पर नाकेबंदी किया गया। इसी दरमियान शाम करीब 04 बजे उड़ीसा से आ सेंट्रो कार यूपी 27 सी - 2050 को रोका गया। स्टाफ एवं थाना प्रभारी विवेक पाटले द्वारा कार की बारीकी से तलाशी लेने पर सीट के नीचे एक पेटी नुमा बॉक्स बना हुआ था जिसे ढक्कन लगाकर बोल्ट से कसा गया था। टीआई विवेक पाटले गवाहों के समक्ष बाक्स को खुलवा कर चेक करने पर 8 पैकेट गांजा का बंडल वजन करीब 10 किलो 800 ग्राम कीमती 1,10,000 का पाया गया। पूछताछ में चालक एवं उसका साथी अपना नाम राजू सरकार और सपना देवनाथ निवासी उधमसिंह नगर (उत्तराखंड) का होना और गांजा को बरगढ़ ओडिशा से लेकर आना बताया। दोनों आरोपी राजू सरकार उम्र 34 वर्ष , सपना देवनाथ उम्र 36 वर्ष दोनों निवासी निवासी मुखर्जीनगर रुद्रपुर थाना रुद्रपुर जिला उधम सिंह नगर उत्तराखंड से सेंट्रो कार कीमती 3,00,000 तथा 10 किलो 800 ग्राम गांजा कीमती की जप्ती कर आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही की गई है। थाना प्रभारी सारंगढ़ निरीक्षक विवेक पाटले के साथ कार्यवाही में प्रधान आरक्षक धनेश्वर उरांव, श्याम दास महंत, आरक्षक जगजीवन खुंटे, मुकेश चन्द्रा की विशेष भूमिका रही है।

एकता का संदेश देने सद्भावना सम्मेलन आयोजित

रायपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस के महासचिव एवं (कौमी तंजीम इंडिया के राष्ट्रीय चेयरमैन जनाब तारिक़ अनवर एवं अखिल भारतीय कांग्रेस के पूर्व सचिव एवं मध्यप्रदेश पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल जी, 15 दिसम्बर शाहिद स्मारक भवन रायपुर में कौमी तंज़ीम की छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा आयोजित सद्भावना सम्मेलन में शामिल हुए । मिली जानकारी के अनुसार तारिक़ अनवर साहब द्वारा सन 1986 से ग़रीब, दलित, शोषित, प्रताड़ित लोगो की मदद करने इस कौमी तंजीम इंडिया का गठन किया है और आज तक दबे हुवे शोषित,पीड़ितों, की आवाज़ लगातार उठाते आये है। देखा जाता है ये कौमी एकता तंजीम पूरे भारत मे कई प्रदेशों में लगातार यह कार्य कर रहा है। इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ में भी ये तंजीम कार्य कर रही है। कौमी एकता तंज़ीम के प्रदेश संयोजक अब्दुल हैदर ने उक्त जानकारी देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में हम सबको मजबूती और तारिक अनवर के मार्गदर्शन में भारत की गंगा जमुनी,तहजीब और एकता का संदेश के लिए व हमारी सभ्यता को स्थापित कर बचाये रखने, गांधी के विचारो और मौलाना अबुल कलाम आजाद और अम्बेडर देश में हिन्दू मुस्लिम एकता का संदेश देने के लिए हमने ये कार्यक्रम का आयोजन किया है तारिक़ अनवर मंच से दर्शकों अपने संबोधन में आज देश मे गांधीवादी विचारधारा का प्रचार प्रसार करने का आव्हान कर देश मे अराजकता का माहौल बनाने वालों गोड़सेवादी ताकतों से सत्य, अहिंसा,व सदाचार को ढाल बना इस देश की एकता व भाईचारे को बनाये रखने कहा कमलेश्वर पटेल ने अपने संबोधन में भारत की गंगा जमुनी सभ्यता को बचाये रखने सभी लोगो से आगे आ कर सामजिक सौहाद्र कायम रखने की बात रखी आभार प्रदर्शन कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष शारिक रईस खान ने किया आज के इस सम्मेलन में प्रमुख रूप से, संत विष्णु महाराज जी, अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष महेंद्र छाबड़ा, श्रम कल्याण विभाग के अध्यक्ष शफी अहमद, कृषि बोर्ड के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, रायपुर शहर जिला अध्यक्ष गिरीश दुबे, कन्हैया अग्रवाल, सईद खान, मोहम्मद सिद्दीक, रिज़वान खान, शब्बीर खान, शीबा खान, रायपुर, मो अनवर खान, राज नांदगांव,सीता टंडन, दुर्ग, सफीना अंसारी, भिलाई, जितेंद्र दोशी, कवर्धा, शब्बीर अहमद, गुरदीप सिंह, अब्दुल , कुलवंत सिंह, सालिक राम साहु, भिलाई, इदरीश मोहम्मद बेमेतरा से मो शफीक बालोद, जाफर तिगाला बालोद, नूर खान, गुंडरदेही, मो सलीम गुंडरदेही, दाऊद खान, और साथी बालोद, अब्दुल रफीक मनिहार, राजनांदगांव भारी संख्या में लोग उपस्तिथि रहे एवं लोगो ने एकता संदेश दिया।

एसपी ने कहा यहां प्रतिभाओं की नहीं अवसर की कमी है विश्वास अभियान के तहत आयोजन

2 दिवसीय जिलास्तरीय व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिले के युवाओं को फिटनेस और खेल के प्रति जागरूक करने के लिए 'विश्वास अभियान' के तहत जशपुर पुलिस और जिला व्हॉलीबॉल संघ द्वारा 19 और 20 दिसंबर को 2 दिवसीय व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता के आयोजन के संबंध में पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल द्वारा जिला व्हॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष जगन्नाथ गुप्ता, गोपाल राय, रमेश बजाज उपाध्यक्ष, खेमसागर यादव सचिव एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारियों की बैठक रखा गया था। पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने बताया कि 19 दिसंबर को जशपुर नगर के रक्षित आरक्षी केंद्र में शुरू होने वाले इस प्रतियोगिता में 14 टीमें हिस्सा ले रहीं हैं। जिसमें चार टीम पुलिस विभाग की है। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ जिले के कलेक्टर रितेश अग्रवाल करेंगे वहीं 20 दिसंबर को प्रतियोगिता के समापन अवसर पर सरगुजा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अजय यादव विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। खिलाड़ियों के ठहरने की व्यवस्था भी पुलिस विभाग के द्वारा की जा रही है।

जागरूकता और विश्वास की पहल

जिले के रहवासियों को यातायात, साइबर ठगी, विभिन्न अपराधों एवं अंधविश्वास जैसे सर्प दंश, आदी के प्रति सतर्क और जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के निर्देश पर जशपुर पुलिस द्वारा एक अनूठी मुहिम चलाई जा रही है जिसका नाम विश्वास अभियान रखा गया है। पुलिस के प्रति आमजन का विश्वास बढ़े और वे स्वयं को सुरक्षित महसूस कर सकें इसके लिए जशपुर पुलिस द्वारा अभियान के तहत गांव समेत दूर-दराज क्षेत्रों में जाकर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। विश्वास अभियान के तहत ही एक कदम आगे बढ़ाते हुए जशपुर पुलिस द्वारा युवाओं में खेल के प्रति रूचि बढ़ाने और फिटनेस के लिए व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

रायपुर पुलिस की टीम भी आएगी

प्रतियोगिता में शामिल होने वाली टीमों को अनुभाग में बांटा गया है जिसमें पत्थलगांव अनुभाग- किलकिला में तीन टीम है लुड़ेग, घरजियाबथान और लुड़ेग-बी शामिल है। कुनकुरी अनुभाग-ईब में लोधमा, लोयला कुनकुरी और कुनकुरी को रखा गया है। इसी तरह जशपुर अनुभाग में -रानीदाह में दुलदुला और जशपुर है। बगीचा अनुभाग में- महादेवडांड और जुरूडांड़ शामिल है।

पुलिस बल की तरफ से जिला पुलिस बल जशपुर, सीआरपीएफ 81 वी वाहिनी जशपुर मुख्यालय, जिला नगर सेना जशपुर और सीएएफ की 10 वीं वाहिनी पण्डरापाठ प्रतियोगिता में शिरकत करेगी।

प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तीसरे स्थान पर आने वाली टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा, साथ ही सभी मैच में मैन ऑफ द मैच समेत अन्य अन्य कैटेगरी के लिए भी ईनाम रखा गया है। प्रथम आने वाली विजेता टीम, छत्तीसगढ़ पुलिस पुरूष टीम से सद्भावना मैच खेलेगी।

राष्ट्रीयकृत बैंकों के निजीकरण के विरोध में बैंक रहेंगे 2 दिन बन्द

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर देश व्यापी बन्द का समर्थन करते हुए नगर के सभी 12 राष्ट्रीयकृत बैंक 16 और 17 दिसम्बर को बंद रहेंगे। यूनाइटेड फोरम का मत है कि बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक 2015 कर्मचारियों के हित मे नही है। सरकार राष्ट्रीयकृत बैंकों को निजी हाथों में सौंप सकती है। सरकार से यूनियन के मध्य वार्ता विफल होने के बाद यूनियन को यह कदम उठाना पड़ा। जिला संगठन सचिव मनोज साहू के नेतृत्व में , जॉन गुलशन बारला क्षेत्रीय सचिव रीजन 5 के दिशा निर्देशन और एस बी आई कि मुख्य शाखा के डी बी एम गिरीश चंद्राकर के मार्गदर्शन में नगर के 12 राष्ट्रीय कृत बैंकों के अधिकारी, कर्मचारियों ने एस बी आई कि मुख्य शाखा के समक्ष उपस्थित होकर निजीकरण का विरोध करते हुए नारे लगाए तथा एकजुटता का परिचय दिया। इस अवसर पर मनोज साहू,जॉन गुलशन बारला, गिरीश चंद्राकर, चंद्रदेव साहू, पिंटू रंजन मिस्त्री, भूपेंद्र रामभट, सुसारी पूर्ति, विशाल विश्वनाथन, अनिल मिंज, हेमलता मीरे,टॉम अतुल, शोभा बारला, नवीन वासनिक, सौरभ गुप्ता, सरोज कुमारी सिंह, सी नीरज राज, शाह नवाज हुसैन, एडवर्ड तिर्की, महावीर उरांव, आशीष कुजूर, सेमसंग तिर्की,पूनम बंसोड़, नीरज सिंह, हिमांशु,राजूह निषाद,पुरषोत्तम देवांगन,बी आर बीसी,चांदनी बेहरा, समीर महाडिक, देवेंद्र कुमार, विवेक राय, कमलेश, शांतिलाल,वैभव विजय धुते,पायल कच्छप और तुलाराम साहू उपस्थित थे।

खैरागढ़ पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, चुनावी सभा में उमड़ी भीड़

सीएम की हुंकार, दो साल पहले की जीत फिर दोहराने का दावा, रोड शो भी किया

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

निकाय चुनाव के बीच मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गुरुवार को खैरागढ़ में रोड शो के बाद जनसभा को संबोधित किया। कांग्रेस की जीत का विश्वास जताते हुए सीएम ने हुंकार भरते हुए बड़ी जीत का दावा किया। उन्होंने कहा 2 साल पहले हमने प्रदेश भर में निकाय चुनाव में जीत का परचम लहराया था वो फिर दोहराया जाएगा। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस की प्रदेश सरकार की योजनाओं और उससे आमजन को मिल रहे फायदों की बात की।

कांग्रेसियों ने सीएम की आमद पर पूरी ताकत झोंक दी और उनका स्वागत किया। जिले भर के नेता इस दौरान खैरागढ़ पहुंचे थे। खबरें हैं कि कुछ वरिष्ठ नेताओं ने इस दौरान संगठन के भीतर चल रही उठापटक और कुछ अन्य के खिलाफ शिकायतें भी सीएम तक पहुंचाई है। इनमें से कुछ की शिकायतों पर सीएम ने नाराजगी जताते हुए जल्द कार्रवाई का आश्वासन भी दिया है। लगभग एक घंटे देर से पहुंचे सीएम के साथ मंत्रीमंडल के रविंद्र चौबे, रुद्र गुरु, प्रभारी मंत्री अमरजीत भगत सहित कई अन्य कांग्रेसी नेता मौजूद थे।

खैरागढ़ में आमसभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के नीति जनता से परोक्ष रूप से जुड़ी हुई है। प्रदेश में कांग्रेस के पक्ष में माहौल है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के निकायों में जनता कांग्रेस के साथ खड़ी हुई है।मुख्यमंत्री ने खैरागढ़ की जनता से शहर के सतत विकास के लिए कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की है।

इधर मुख्यमंत्री ने मीडिया से संक्षिप्त चर्चा में केंद्र पर एक बार फिर हमला बोलते कहा कि20 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि को मोदी सरकार ने रोक दिया है। जिसका कई योजनाओं पर विपरीत असर पड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला बनाने की मांग पर खैरागढ़ की जनता के साथ है। खैरागढ़ के विषय पर स्थानीय जनभावनाओं का पूरी तरह से ख्याल रखा जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि समूचे राज्य में कांग्रेस के पक्ष में लहर है। इस चुनाव में भाजपा मैदान में नहीं है। इससे पहले सीएम बघेल ने नगर में रोड शो किया। मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए बड़ी भीड़ उमड़ी। आम लोगों ने भी मुख्यमंत्री के रोड शो के दौरान उनका स्वागत किया। वहीं मुख्यमंत्री ने नगर की जनता का अभिवादन स्वीकार किया।

अचानक पहुंचे धान खरीदी केंद्र

खैरागढ़ में रोड शो और चुनावी सभा के बीच अचानक ही मुख्यमंत्री खैरागढ़ क्षेत्र के ही जालबांधा धान खरीदी केंद्र पहुंच गए। यहां उन्होंने धान खरीदी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और किसानों से भी बातचीत की। उन्होंने बारदानों की उपलब्धता को लेकर भी बात की। गौरतलब है कि एक दिसंबर से शुरु हुई धान खरीदी में किसानों से 25 प्रतिशत बारदाने 25 रुपए की दर से लेने के आदेश जारी हुए थे। लेकिन विपक्ष आरोप लगाता रहा है कि किसानों को सोसायटियों से 75 प्रतिशत से कई कम बारदाने दिए जा रहे हैं।

मुद्दों से दूर प्रत्याशियों की छवि पर ही लगेगी मुहर कई तरह की चर्चाओं के बीच आंकलन कर रहे मतदाता

- भाजपा के पास नया चेहरा इसलिए कांग्रेस के पास मुद्दा नहीं
- कांग्रेस प्रत्याशी के साथ पूरी सत्ता ने ताकत झोंकी

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शहर में उपचुनाव की सरगर्मी बढ़ गई है। वार्ड क्रं. 17 में पार्षद पद हेतु हो रहे उपचुनाव में दोनों ही दलों के पास कोई खास मुद्दे नहीं है ऐसे में मतदाता दोनों ही प्रत्याशियों की छवि का आंकलन कर अपना मन बना रहे हैं। इस स्थिति में भाजपा को नए चेहरे का फायदा मिलने का अनुमान लगाया जा रहा है। दूसरी ओर कांग्रेस के लिए प्रतिष्ठा का विषय बन चुका यह चुनाव और भी मुश्किल हो सकता है। इसका कारण उनकी प्रत्याशी को लेकर जारी कई तरह की चचाएं हैं। दरअसल, कांग्रेस की प्रत्याशी चंद्रकला देवांगन के परिवार से जुड़े कुछ विवादों को लेकर लोगों के बीच कई तरह की बातें चल रही हैं।

वार्ड क्रं 17 तुलसीपुर में 30 सालों से भाजपा लगातार अपनी जीत का परचम लहरा रही है। निकाय चुनाव में यहां से पूर्व महापौर शोभा सोनी ने भाजपा की ओर से जीत दर्ज की थी। वें महापौर पद की भी दावेदार थीं लेकिन भाजपा को बहुमत हासिल न होने के चलते ऐसा नहीं हो सका। भाजपा पार्षद दल ने उन्हें नेता प्रतिपक्ष चुना था। इसी दौरान कोविड की पहली लहर में वे संक्रमित हो गईं और रायपुर के एम्स में उनका निधन हो गया।

श्रीमती सोनी के निधन के बाद अब यहां उपचुनाव हो रहे हैं। भाजपा जिलाअध्यक्ष मधुसूदन यादव भी यहां से पार्षद रह चुके हैं।

भाजपा को जीत का भरोसा

नया चेहरा होने के चलते सरिता सिन्हा को पीछे धकेलने कांग्रेस के पास कोई बड़े मुद्दे नहीं हैं। स्व. शोभा सोनी के कार्यकाल में भी भाजपा को लेकर किसी तरह की शिकायत यहां नहीं रहीं। स्व. श्रीमती सोनी भी यहां काफी बड़े अंतर से जीतकर आईं थीं। भाजपा को दोबारा भी ऐसी ही जीत का भरोसा है। वार्ड में भाजपा ने पूरी ताकत झोंक रखी है। वरिष्ठ नेताओं के अलावा वार्ड प्रभारी राजेंद्र गोलछा, नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, पार्षद पारस वर्मा, भाजयुमो पदाधिकारी कार्यकर्ता सभी यहां कमान संभाले हुए हैं।

कांग्रेस ने पूरी ताकत झोंक रखी है

कांग्रेस की प्रत्याशी चंद्रकला देवांगन लंबे समय से वार्ड में चुनाव को लेकर सक्रिय रहीं हैं। वे चुनावों की घोषणा से पहले ही घरों-घर पहुंच कर मेल-मुलाकात करती रहीं हैं। लेकिन उनके परिवार से जुड़े कुछ विवादों को लेकर लोगों के बीच कई तरह की चचाएं हैं। हालांकि कांग्रेसी खेमा श्रीमती देवांगन की जीत के लिए पूरी ताकत झोंक चुका है। खुद महापौर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष के अलावा और कांग्रेस भी कांग्रेसी नेता यहां रोजाना पहुंच रहे हैं।

यह वार्ड उनके गृह वार्ड से ही लगा हुआ है। यहां भाजपा की जीत का इतिहास 30 साल पुराना है। ओबीसी महिला के लिए आरक्षित इस वार्ड में प्रत्याशियों के चयन में भी दोनों ही दलों ने काफी वक्त लिया। अंततः सत्तापक्ष की ओर से चंद्रकला देवांगन को टिकट मिली तो दूसरी ओर भाजपा ने जमीनी कार्यकर्ता की पत्नी सरिता सिन्हा को नए चेहरे के तौर पर मैदान पर उतारा है।

मतदान एवं मतगणना के दिन बंद रहेंगी मदिरा दुकानें

नगर पालिका आम एवं उप निर्वाचन 2021 को संपन्न कराने के लिए मतदान तथा मतगणना के दिन शराब दुकानें, होटल बार, क्लब आदि पूरी तरह से बंद रहेंगे। नगर पालिका आम एवं उप निर्वाचन का चुनाव 20 दिसम्बर को एवं 23 दिसम्बर को मतों की गणना की जाएगी। मतदान तिथि 20 दिसम्बर से 48 घण्टे पहले अर्थात 18 दिसम्बर को शाम 5 बजे से 20 दिसम्बर को मतदान समाप्ति तक देशी-विदेशी मदिरा दुकानें बंद रहेंगी। इसी प्रकार मतगणना के दिन 23 दिसम्बर को संपूर्ण दिवस देशी-विदेशी मदिरा दुकानें बंद रहेंगी। नगर पालिका परिषद खैरागढ़ में शुष्क दिवस के दौरान अवैध मदिरा, धारण, परिवहन पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

मतदान के लिए मिलेगा अवकाश

नगर पालिक निगम, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत के पार्षद पदों के आम एवं उप निर्वाचन 2021 के लिए नियत 20 दिसम्बर को मतदान होगा। कारखाना अधिनियम 1948 तथा छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम 1958 के अंतर्गत आने वाले कारखानों, कारोबारों, व्यवसायों, औद्योगिक उपक्रमों में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को मतदान के लिए मतदान दिवस 20 दिसम्बर को संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में राज्य शासन द्वारा अवकाश घोषित किया गया है।

ऊर्जा संरक्षण सप्ताह 8 से 14 दिसम्बर तक मनाया गया

डोंगरगढ़। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल शाखा डोंगरगढ में 8 दिसम्बर से 14 दिसम्बर तक रेल्वे के द्वारा विद्युत ऊर्जा संरक्षक सप्ताह मनाया गया। रैली के माध्यम से कालोनी में भ्रमण कर लोगो से विद्युत की खपत को कम करने और जरूरत होने पर ही उसका उपयोग करने के लिए जागरूक किया गया है। सभी से अपील की गई। वही इस अभियान में रेल्वे के पुनत राम गंगाबेर वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर विद्युत विभाग एवं दिनेश साहू, रूपेश साहू, धर्मेंद्र महाराणा, मनोज, संत राम, विश्वनाथ नारायण, इंदिरा, उषा, गिरजा, राजेश भारद्वाज सहित इस जागरूक अभियान में आज उपस्थित थे।

18 को मटन मार्केट बंद

राजनांदगांव। राज्य शासन के निदेर्शानुसार गुरूघासी दास जयंती के उपलक्ष्य में दिनांक 18 दिसम्बर दिन शनिवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। महापौर हेमा सुदेश देशमुख एवं नगर निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुवेदी ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है।

निजीकरण के विरोध में बैंक कर्मियों का धरना प्रदर्शन, आज भी बैंक रहेंगे बंद

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आव्हान पर चार अधिकारियों व पांच कर्मचारियों की यूनियनों से सम्बंध समस्त सदस्य आज सुबह 8 बजे से 48 घण्टों की हड़ताल पर चले गए है। प्रातः 10 बजे केनरा बैंक, मंगला शाखा, 36 मॉल के सामने सरकार द्वारा बैंकों के निजीकरण के प्रस्तावित विधेयक के विरोध में श्री शरद बघेल व सौरभ त्रिपाठी के नेतृत्व में हड़ताल, धरना व जंगी प्रदर्शन हुआ। 11 बजे स्टेट बैंक के सामने प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए ट्रेड यूनियन कौंशिल के महासचिव कामरेड राजेश शर्मा ने बताया कि हाल ही में सरकार द्वारा वापिस लिए गए कृषि कानूनों को लाने से पहले सरकार द्वारा 2022 तक किसानों की आय दुगुना करने का सपना दिखाया गया और उसके बाद में तीन कृषि कानून लाये गए । किसानों को समझ में आ गया कि इन कानूनों से उनका क्या फायदा या नुकसान होने वाला है और वो दिल्ली के बोर्डरों पर आकर जम गए और जब तक कृषि कानून वापिस नहीं लिए गए तब तक मजबूती से इसके विरोध में डटे रहे।

एटक के कामरेड पवन शर्मा ने बताया कि हाल ही में सरकार द्वारा एक कार्यक्रम करके डिपॉजिट इंश्योरेंस पर विज्ञान भवन में एक कार्यक्रम आयोजित करके देश के लोगों को ये बताया गया कि आपके बैंकों में जमा पूंजी को कोई खतरा नहीं है क्योंकि 5 लाख तक की राशि का बीमा है । इसी के साथ शीतकालीन सत्र में बिलालाने की तैयारी की गई है ताकि सरकारी बैंकों को प्राइवेट करने का रास्ता साफ किया जा सके । डिपॉजिट इंश्योरेंस के कार्यक्रम के द्वारा देश के लोगों को ये समझाने की कोशिश की गई कि बैंकों के निजीकरण के बाद उनकी जमा राशि सुरक्षित है। छत्तीसगढ़ बैंक एम्पलाइज एशोसिएशन के सहायक महासचिव द्वय कामरेड मनोज मिरी व कामरेड प्रल्हाद अग्रवाल ने बताया कि देश के नागरिकों को क्रोनोलॉजी समझने की जरूरत है -- ÷किसानों की आय दुगनी होना÷ और ÷5 लाख तक की बैंकों में जमा राशि का बीमा होना। अशोक ठाकुर व शैलेन्द्र गोवर्धन ने बताया कि आजादी से पहले 300 से ज्यादा निजी बैंकों के डूबने और दीवालिया होने के मामले हैं और उनके डूबने से उन बैंकों में जिन ग्राहकों के पैसे

जमा थे उन्हें नुकसान उठाना पड़ा था और हाल ही में पीएमसी बैंक और यश बैंक दो ताजा उदाहरण है जिनके ग्राहकों ने किन परिस्थितियों का सामना किया था। राजेश रावत व श्रवण मिश्रा ने बताया कि इस देश के उन नागरिकों को सोचना होगा जिनकी जिंदगी भर की कमाई इन सरकारी बैंकों में जमा है जिनको प्राइवेट करने पर विचार किया जा रहा है तथा दूसरी सरकारी बैंकों के ग्राहकों को अपनी बारी का इंतजार किए बिना सोचना चाहिए कि आज किसी दूसरे का नंबर है तो कल हमारा होगा। केनरा बैंक के शरद बघेल व सौरभ त्रिपाठी ने बताया कि बैंकों के निजीकरण करने के सरकार के फैसले के विरोध में अभी बैंक में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा इसका विरोध किया जा रहा है और इसी संबंध में दिनांक 16 एवं 17 दिसंबर को दो दिवसीय हड़ताल जारी है । क्योंकि निजीकरण, बैंको में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारियों के हितों के खिलाफ तो है ही साथ में इस देश के लोग जो इन बैंकों के ग्राहक हैं उनके हितों के खिलाफ भी हैं। जितेंद्र शुक्ला व दीपक साहू ने बताया कि हड़ताल इस देश की सरकारी संपत्ति बचाने के लिए है और इस देश की जनता के लिए है । इस देश के सभी नागरिकों को इस मुहीम से जुड़कर इसे सफल बनाना चाहिए। अमृता सिंह, नेहा जुनेजा, बलविंदर कौर, शैली गुप्ता, जावेद अहमद सुलतान, कमलेश सिंह, विजय कुमत आदि बड़ी संख्या में बैंकर्स उपस्थित थे। कल सुबह 10 बजे पुनः 36 मॉल के सामने एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे। ऑल इंडिया इन्श्योरेंस एम्पलाइज एशोसिएशन व इंडियन रेल्वे एम्पलाइज फेडरेशन सहित विभिन्न संगठनों ने दो दिवसीय अखिल भारतीय बैंक हड़ताल को नैतिक समर्थन दिया हैं। बैंकर्स क्लब बिलासपुर के समन्वयक ललित अग्रवाल ने आम जनता को दो दिवसीय हड़ताल से होने वाली असुविधा हेतु क्षमा याचना करते हुए जनहित में की गई हड़ताल को समर्थन देने के आग्रह किया हैं।

आखिरकार लोनिवि की जमीन बचा ली गई, अधीक्षक भू अभिलेख ने नामांतरण आदेश को परिमार्जित किया

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

पीडब्ल्यूडी की जमीन को एक भू माफिया द्वारा बेचे जाने और रजिस्ट्री कराने की शिकायत की जांच की गई तो मामला कुछ और निकला। अधीक्षक भूअभिलेख ने पाया कि ऐसा जानबूझकर नहीं बल्कि त्रुटिवश और जानकारी के अभाव में हुआ था। भू-अभिलेख अधीक्षक ने नामांतरण आदेश को परिमार्जित करने के साथ ही पटवारी द्वारा दस्तावेज में सुधार भी कर लिया गया है । उल्लेखनीय है कि शहर से लगे ग्राम बहतराई के हल्का नम्बर 48 तहसील बिलासपुर में एक वर्ष पूर्व खसरा नम्बर 310/2 जो कि वर्ष 1982 में लोनिवि द्वारा बहतराई बिजौर मार्ग में अधिग्रहण किया गया था परन्तु वर्तमान रिकॉर्ड में कहीं भी सड़क की भूमि दर्ज नहीं थी जिसका फायदा उठाते हुए एक भूमाफिया ने उक्त जमीन की रजिस्ट्री करा ली तथा अधिकारी द्वारा नामांतरण किया गया। उक्त नामांतरण खसरे में कहीं भी सड़क दर्ज नहीं होने के कारण त्रुटि किया गया तथा कई फर्जी लोगों को खड़ा करके पटवारी के विरुद्ध सड़क की भूमि बेचे जाने हेतु आवेदन कलेक्टर को देने तथा राजस्व मंत्री से पटवारी की शिकायतकरने का कार्य भी किया गया। पटवारी व अधिकारियों पर उक्त मामले में संलिप्तता के आरोप लगाए गए जबकि पटवारी द्वारा उक्त त्रुटि हुए नामांतरण के विरुद्ध अधिकारियों के संज्ञान में उक्त बातें लाकर और पुनर्विलोकन हेतु अनुमति ली तथा जिस अधिकारी द्वारा उक्त नामांतरण पारित किया गया था उन्होंने 19/नवंबर/21 को उक्त नामांतरण के आदेश को परिमार्जित कर पुनः विक्रेता के नाम करने हेतु आदेश दिया। इस प्रकार पटवारी तथा अधिकारी द्वारा उक्त त्रुटि को सुधार लिया गया।

नोडल अधिकारियों का संभाग स्तरीय प्रशिक्षण आज

बिलासपुर। पी.सी.पी.एन.डी.टी. अंतर्गत गठित जिला सलाहकार समिति, जिला नोडल अधिकारियों, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक, एवं आर.एम.एन.सी.एच. सलाहकार का संभाग स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं समीक्षा बैठक 17 दिसम्बर को प्रातः 10:30 बजे से आयोजित की गई।

छग साहित्य, कला एवं युवा महोत्सव का आयोजन, सौंपे गये दायित्व

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

बिलासपुर में छत्तीसगढ़. लोक साहित्य, कला एवं युवा महोत्सव का जिला स्तरीय आयोजन 17 दिसम्बर को और संभाग स्तरीय आयोजन 22 से 24 दिसम्बर के बीच किया जायेगा। उक्त आयोजनों में आवश्यक व्यवस्थाओं की पूर्ति हेतु विभिन्न विभागो को दायित्व सौंपे गये हैं। उक्त आयोजनों में पुलिस विभाग को आयोजन स्थल में सुरक्षा व्यवस्था हेतु आरक्षकों की ड्यूटी, नगर पालिक निगम को पेयजल की व्यवस्था आयोजन स्थलों में सफाई व्यवस्था सैनेटाईजेशन, लोक निर्माण विभाग को मुख्यमंच का निर्माण, आवश्यकतानुसार टेंट, साउण्ड एवं लाईट व्यवस्था, स्वास्थ्य विभाग को कबड्डी एवं खो-खो विधाओं के लिए फर्स्ट एड सुविधा के साथ चिकित्साकर्मी की ड्यूटी, प्रतिभागियों के लिए मास्क एवं सैनेटाईजेशन की व्यवस्था, खाद्य विभाग को प्रतिभागियों के लिए भोजन व स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था, परिवहन विभाग को निर्णायकों के लिए परिवहन हेतु चारपहिया वाहन की व्यवस्था, जनसंपर्क विभाग को संपूर्ण आयोजन की वीडीयोग्राफी एवं प्रचार-प्रसार तथा आयोजन उपरांत डी.वी.डी. में वीडियो उपलब्ध कराना, वाद-विवाद व निबंध हेतु विषय का चयन चित्रकला, गेंड़ी, भौंरा, फुगड़ी, हेतु निर्णायकों की नियुक्ति, व्यायाम अनुदेशकों की ड्यूटी की जिम्मेदारी दी गई है।

नगरपालिका उप निर्वाचन, मतदान के लिए 20 को श्रमिकों को मिलेगा अवकाश

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम बिलासपुर के वार्ड क्रं. 29 में सपन्न होने वाले पार्षद पद के उप निर्वाचन हेतु मतदान दिवस 20 दिसम्बर को वार्ड क्रं. 29 की सीमा में समस्त कारखानों, स्थापनाओं में कारखाना अधिनियम 1948 एवं दुकान तथा स्थापना अधिनियम 1958 के अंतर्गत आते है वहां कार्यरत श्रमिक, कर्मचारियों के लिए मतदान करने हेतु अवकाश घोषित किया गया है। ऐसे कारखानें जो सप्ताह में सातों दिन कार्य करते है वहां प्रथम एवं द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान हेतु दो-दो घण्टे का अवकाश तथा जो कारखानें निरंतर प्रक्रिया के अंतर्गत आते है उनमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान करने की सुविधा दी गई है।

समर्थन मूल्य में 1 लाख 33 हजार 657 मीट्रिक टन धान की खरीदी

बिलासपुर। विपणन वर्ष 2021-2022 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी जिले में सुचारू रूप से संचालित है। अब तक 33 हजार 232 किसान खरीदी केन्द्रो मे अपना धान बेच चुके है और उनको 2 करोड़ 60 लाख 29 हजार रूपये का भुगतान किया जा चुका है। उठाव हेतु 95 हजार 494 मेट्रिक टन धान का. डी.ओ. राईस मिलर्स को जारी किया गया है। जिला विपणन अधिकारी बिलासपुर ने बताया कि जिले में 16 दिसम्बर 2021 तक 133657.08 मैट्रिक टन धान की खरीदी जा चुकी है। कुल पंजीकृत किसानों में से 28.29 प्रतिशत् किसान समर्थन मूल्य पर अपना धान बेच चुके है। कुल पंजीकृत रकबे मे से 32.40 प्रतिशत् रकबे का धान किसानो द्वारा बेचा जा चुका है। इसी तरह राईस मिलर्स को 95 हजार 494 मैट्रिक टन धान का डी.ओ. जारी किया गया है। राईस मिलर्स द्वारा अब तक 57 हजार 239 मैट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है।

जनपद पंचायत सदस्यों को दिया गया प्रशिक्षण

बिलासपुर। क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र नूतन चैक सरकण्डा में त्रिस्तरीय पंचायतीराज संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों, जनपद सदस्यों, का आधारभूत प्रत्यास्मरण विषय पर 3 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें छ.ग. पंचायती राज अधिनियम के अंतर्गत 73 वां संविधान संशोधन अधिनियम, जनपद पंचायत के कार्य दायित्व तथा कामकाज संचालन के नियम एवं प्रक्रिया, स्थायी समितियों, सूचना का अधिकार अधिनियम 2005, लोकसेवा गारंटी अधिनियम 2011 आदि विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में कोटा एवं तखतपुर जनपद पंचायतों के 18 सदस्यों ने भाग लिया। सभी ने इस प्रशिक्षण को अपने लिए काफी उपयोगी एवं लाभदायक बताया। प्रशिक्षण पश्चात् अपने कर्तव्यों का उत्साह के साथ निर्वहन करने और अपने क्षेत्र के निवासियों को पंचायती राज की योजनाओं से लाभ दिलाने हेतु संकल्प किये गये प्रशिक्षण का समापन 15 दिसम्बर को किया गया। जिसमें प्राचार्य एवं अनुदेशक क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकाय प्रशिक्षण केन्द्र बिलासपुर तथा कार्यालयीन कर्मचारी उपस्थित रहें।



श्री भूपेश बघेल
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

न्याय, सरोकार व इच्छाशक्ति से बना
छत्तीसगढ़ मॉडल

किसान
- कर्ज मुक्त किसान, अनुदान राशि से बढ़ी आय और पैदावार
- भूमिहीन खेतिहर मजदूरों को आर्थिक सहायता

पशुपालक
- सरकार द्वारा गोबर खरीदी से बढ़ती आय, खुले रोजगार के अवसर
- आर्थिक उन्नति ने बदली गांवों की तस्वीर

महिलाएं
- स्वास्थ्य एवं सुपोषण को दी प्राथमिकता
- बराबरी के अवसरों ने किया सशक्त

आदिवासी
- अधिग्रहित कृषि भूमि वापस लौटाई
- आदिवासियों पर दर्ज मुकदमों की समीक्षा के लिए गठित समिति

वनाश्रित
- जंगल जमीन पर दिलाये अधिकार
- देश में लघु वनोपजों की सर्वाधिक न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी

युवा
- युवाओं के लिए रोजगार के बेहतर अवसर
- ई-पंजीकरण के माध्यम से निर्माण कार्यों में अवसर

पर्यावरण
- छत्तीसगढ़ को लगातार तीसरी बार स्वच्छतम राज्य का खिताब
- प्रतिदिन 1600 टन ठोस कचरे का वैज्ञानिक निपटान
- वृक्षारोपण को बढ़ावा देने से वन क्षेत्र में इजाफा

शिक्षा
- विश्वस्तरीय स्कूलों से नई पीढ़ी को उज्ज्वल भविष्य के समान अवसर
- उच्च शिक्षा के नए गुणवत्तापरक केन्द्रों की स्थापना

स्वास्थ्य सेवाएं
- घर की चौखट तक पहुंची स्वास्थ्य सेवाएं
- सभी आय वर्गों को रियायती दरों पर जेनेरिक दवाएं

खेल
- भविष्य के लिए प्रतिभासम्पन्न प्रतिभागियों का निर्माण
- खिलाड़ियों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं व बेहतर प्रशिक्षण

उद्योग
- नई औद्योगिक नीति से समावेशी निवेश के खुले नए द्वार
- आदिवासी क्षेत्र में औद्योगिक विकास को प्रोत्साहन

बिजली
- लाखों उपभोक्ताओं का बिजली बिल हाफ
- बिजली से किसानों, वनाश्रितों व उद्योगों की बदल रही तस्वीर

शहरी विकास
- हर घर शुद्ध पेयजल
- मुख्यमंत्री मितान योजना से घर-घर तक पहुंच रहीं नागरिक सेवाएं
- झुग्गी झोपड़ी वासियों को मिला भूमि के स्वामित्व का अधिकार

S-30794/89

3 साल
बात है अभिमान के
छत्तीसगढ़िया
स्वाभिमान के

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403